


# दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है

संपर्क करें

9412612728, 9412492416

वर्ष-33 | अंक-186 | इटावा, शनिवार 05 अगस्त 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### असम में करंट लगाने से तीन हाथियों की मौत

**गुवाहाटी।** असम में बिजली का झटका लगने से तीन हाथियों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना गुवाहाटी से लगभग 20 किमी दूर स्थित रानी चाय बागान में हुई। प्रभागीय वन अधिकारी ने बताया, एक मादा हाथी और दो बच्चे एक पेड़ को गिराने की कोशिश कर रहे थे, तभी वह हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आए और दुर्भाग्य से उनकी मौत हो गई। सैकिया के मुताबिक, घटना शुक्रवार सुबह 3.30 से 4 बजे के बीच हुई। अधिकारी ने कहा, हम तीनों हाथियों का पोस्टमार्टम करवाकर और बाद में प्रक्रिया के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जंगली हाथी अक्सर भोजन की तलाश में जंगल से बाहर आते हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान असम में मानव-पशु संघर्ष बढ़ रहा है और इसके कारण कई लोगों की जान जा चुकी है।

### जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत, सबूतों से छेड़छाड़ नहीं हो

**नई दिल्ली।** 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में जगदीश टाइटलर को शुक्रवार को अग्रिम जमानत मिल गई है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश इलाके में हुई हत्याओं के मामले में कांग्रेस नेता टाइटलर को अग्रिम जमानत दे दी। जमानत देने के साथ अदालत ने टाइटलर को सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने या उसकी अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने का भी निर्देश दिया। कार्यवाही के दौरान एक महिला, जो कि खुद को पीड़ित होने का दावा किया। महिला ने अदालत को बताया कि 39 साल हो गए हैं और उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है, और न्यायाधीश के सामने रो पड़ी। लगभग चार दशकों से दंगा पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का और अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें शांत किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने टाइटलर की अर्जी का विरोध किया था।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मिले अधीर रंजन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के बाद लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सदस्यता को फिर से बहाल करने की मांग की है। लोक सभा स्पीकर से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की जीत सत्य की जीत का प्रतीक हैं, वह चाहते हैं कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता जल्द से जल्द बहाल हो और वह मोदी सरकार के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में शामिल हो सके।

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद राहुल गांधी पुनः माननीय सांसद

*मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि केस में राहुल को निचली अदालतों ने 2 साल की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी।*

## सांसदी बहाल होगी, घर भी मिलेगा



एजेंसी ■ नई दिल्ली

राहुल गांधी की सांसदी जाने के 133 दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले पर ही रोक लगा दी, जिसकी वजह से उनकी सांसदी गई थी। मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि केस में राहुल को निचली अदालतों ने 2 साल की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब तक राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक दोषसिद्धि पर रोक रहेगी। सुनवाई की नई तारीख अभी नही बताई है।

### इसके साथ ही कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसले पर तीन सबसे जरूरी बातें कहीं...

- 1. हम जानना चाहते हैं कि ट्रायल कोर्ट ने अधिकतम सजा क्यों दी? जज को फैसले में ये बात बतानी चाहिए थी। अगर जज ने 1 साल 11 महीने की सजा दी होती तो राहुल गांधी को डिसक्वालिफाई नहीं किया जाता।
- 2. अधिकतम सजा के चलते एक लोकसभा सीट बिना सांसद के रह जाएगी। यह सिर्फ एक व्यक्ति के अधिकार का ही मामला नहीं है, ये उस सीट के वोटर्स के अधिकार से भी जुड़ा मसला है।
- 3. इस बात में कोई शक नहीं कि भाषण में जो भी कहा गया, वह अच्छा नहीं था। नेताओं को जनता के बीच बोलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। यह राहुल गांधी का कर्तव्य बनता है कि इसका ध्यान रखें।

### अदालत के इस फैसले से राहुल के पक्ष में तीन सबसे जरूरी बातें होंगी....

- राहुल गांधी की सांसदी फिर से बहाल होगी और वो मौजूदा सत्र में शामिल हो सकेंगे।
- अगले साल राहुल चाहें तो चुनाव लड़ सकते हैं, बशर्ते सुप्रीम कोर्ट का आखिरी फैसला उनके खिलाफ ना हो।
- राहुल को बतौर सांसद मिलने वाला सरकारी घर फिर से मिल जाएगा।

### राहुल बोले- आज नहीं तो कल सच जीतता है,

सुप्रीम कोर्ट ने 4 जुलाई को मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली 2 साल की सजा पर रोक लगा दी। इसके बाद शाम को राहुल कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कहा- आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, सच्चाई की जीत होती है। मेरा रास्ता तो क्लीयर है। मुझे क्या करना है, मेरा का क्या काम है, मुझे इसकी क्लैरिटी है। जिन लोगों ने मदद की, जनता ने जो सपोर्ट किया, उसका शुक्रिया। थैंक्यू...।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा

## एएसआई को सशर्त सर्वे की अनुमति, किसी भी प्रकार के तोड़फोड़ की मनाही

एजेंसी ■ वाराणसी

ज्ञानवापी का भारतीय पुरातत्व विभाग की ओर से सर्वे आगे होता रहेगा। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम हाईकोर्ट के आदेश में दखल क्यों दें? साथ ही मुस्लिम पक्ष से पूछा कि भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वे पर ऐतराज क्यों है? सर्वे से मुस्लिम पक्ष को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सर्वे गैर आक्रामक तरीकों से होना चाहिए। भारतीय पुरातत्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खुदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पूरा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि सर्वे होने दीजिए। रिपोर्ट को बंद लिफाफे में जमा होने दीजिए। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सीजेआई ने आदेश दिया कि सर्वे चलता रहेगा। बिल्डिंग को कोई नुकसान नहीं होगा। सीजेआई ने कहा कि ऐसे सर्वे से किसी की पूर्व धारणा के पक्ष में या फिर मुस्लिम पक्ष के खिलाफ जाएगा, ऐसा विचार नहीं करना चाहिए। ये गलत है। उधर, मुस्लिम पक्ष ने सर्वे में सहयोग को तैयार है। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए सर्वे में सहयोग करेंगे।



ज्ञानवापी में शुक्रवार को सर्वे की कार्रवाई पूरी हो गई है। आज से अगले दिनों तक टीम सुबह 9 से 5 बजे तक सर्वे करेगी। ज्ञानवापी में शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ी गई।

### हिंदू पक्ष के 7, मुस्लिम पक्ष के 9 लोगों को अनुमति

अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) आलोक कुमार वर्मा ने हिंदू पक्ष के 7 और मुस्लिम पक्ष के 9 लोगों को सर्वे टीम के साथ अंदर जाने की अनुमति दी है। इसमें हिंदू पक्ष में रेखा पाठक, सीता साहू, लक्ष्मी देवी, सोहन लाल आर्य, अनुपम द्विवेदी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी, विक्रम व्यास परिसर में अंदर पहुंच चुके हैं। वहीं, मुस्लिम पक्ष में मौलाना अब्दुल बांकी, अब्दुल बातीन नोमानी, एमएम यासिन, मुमताज अहमद, अखलाक अहमद, मोहम्मद एजाज अहमद, शमशेर अली, फुजैल अहमद, हाजी नेसार को बुलाया गया था, लेकिन वो ज्ञानवापी परिसर में नहीं पहुंचे।

### स्थानीय कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक हुई अपील

- 21 जुलाई को वाराणसी की स्थानीय कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करके 4 अगस्त को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था।
- 24 जुलाई को सुबह 7 बजे सर्वे शुरू हुआ। मुस्लिम पक्ष रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई की शाम तक सर्वे पर रोक लगा दी और हाईकोर्ट जाने को कहा।
- 25, 26, 27 जुलाई को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। 27 जुलाई को कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया और 3 अगस्त को आदेश देने की बात कही।
- 3 अगस्त को हाईकोर्ट के जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा, 'न्यायहित में सर्वे जरूरी है। मुझे इस तर्क में कोई दम नहीं दिखता कि बिना दीवार खोदे एएसआई नतीजे पर नहीं पहुंच सकता।'
- 3 अगस्त को इस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट चला गया। 4 अगस्त को मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज हो गई।

# जनसेवा मित्रों से सीएम ने किया संवाद, कहा- मामा तुम्हारी जिंदगी को बेहतर बनाएगा

## कुछ गड़बड़ी हो तो बताते रहना, ताकि मैं तत्काल एक्शन ले सकूं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को जनसेवा मित्रों से संवाद किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि आप लोग मेरी आंख-कान हो। जो जमीन पर चल रहा है उसकी सच्चाई बताते रहना, ताकि मुझे गड़बड़ी का पता चल सके और मैं तत्काल एक्शन लूंगा। सीएम ने कहा, तुम लोगों की जिंदगी बेहतर बनाओ, तुम्हारी जिंदगी को बेहतर बनाने का काम मैं, तुम्हारा मामा करेगा।

### सीएम ने दिया युवाओं को टिप

*सीएम ने कहा, आपको मानसिक और शारीरिक फिट रहना होगा। प्रतिदिन योगा भी करना होगा। गंभीरता भी रखनी होगी। सीएम ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। आप वैचारिक ज्ञान प्राप्त करें। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे के लिए काम कीजिए। अनुभव के आधार पर कई योजनाओं को बनाया। अब प्रदेश के विकास के लिए जनता और आपके साथ मिलकर मेहनत कर रहा हूं। 13 अगस्त को एक योजना लॉच कर रहा हूं। जिसे मुख्यमंत्री सीखो और कमाओ योजना नाम दिया है। इसके तहत युवाओं को 8 हजार रुपए हर माह देंगे। 15 अगस्त तक 1 लाख रोजगार देंगे। एमपी के ऐसी योजनाओं के तहत काम किया जा रहा है, ताकि आपको रोजगार मिले। आप पैरों पर खड़े हो सकें। सीएम ने कहा, जब तक सरकारी तंत्र और जनता के बीच के ब्रिज नहीं बनता, तब तक काम सही नहीं हो पाता।*

### युवाओं को दिए सफलता के चार मंत्र

सीएम ने कहा, पंचायत में लगातार घूमते रहिए। लाभार्थियों से अच्छा व्यवहार करें। सबसे अच्छा बोलें। सीने में आग के तहत अपने काम के लिए तडफ़ होना चाहिए। मैं 24 में से 18 घंटे काम करता हूं। देर रात सोता हूं लेकिन सुबह 5.30 बजे उठ जता हूं, ताकि एक-एक मिनट काम को दे सकू। काम करते समय कई बार अच्छे के साथ कड़वे अनुभव भी मिलते हैं, लेकिन तब हमेश शांत रहना होगा।

### सीएम ने सुनाई एमपी की कहानी

सीएम ने कहा, एक जमाना था जब तुम छोटे थे, तब सडक़ें नहीं थी। तब दिग्गी राजा का राज था। 4 घंटे बिजली आती थी। बच्चे लालटेन में पढ़ाई करते थे। सिंचाई का कोई इंतजाम नहीं था। 11 हजार रुपए प्रति व्यक्ति आमदनी थी। एमपी बीमारू राज्य था हमने अब कई लाख किलीमीटर सडक़ें बनाई। बिजली का उत्पादन में बढोतरी की। सिंचाई के साधनों में इजाफा किया। 11 हजार से 1 लाख 40 हजार प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है।

# नूंह के एसपी का तबादला, दंगे के दिन अवकाश पर थे

## 20 घर-दुकानें और 250 झुग्गियों पर चला बुलडोजर, पटौदी में हिंदू संगठनों ने मार्च निकाला

एजेंसी ■ नूंह

हरियाणा सरकार ने गुरुवार देर रात हिंसा प्रभावित नूंह जिले के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंघला का ट्रांसफर कर दिया। वह हिंसा के दिन छुट्टी पर थे। उन्हें अब भिवानी जिले का चार्ज दिया गया है।

उनकी जगह पर एसपी नरेंद्र बिजारणिया को नूंह का जिम्मा सौंपा गया है। बिजारणिया पहले भिवानी के एसपी थे और साथ में एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) के ओएसडी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। नूंह हिंसा के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने शहर के नल्हड़ शिव मंदिर के पास 20 घरों- दुकानों और तावडू इलाके में 250 झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया। ये कंस्ट्रक्शन अवैध थे।



नूंह में अवैध मकान को गिराता बुलडोजर।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां बांग्लादेशी रोहिंग्या अवैध तरीके से रह रहे थे और हिंसा में शामिल थे। कई युवकों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं। वहीं, नूह में हुई हिंसा के विरोध में गुरुग्राम के पटौदी में हिंदू संगठनों ने मार्च निकाला। हिंदू संगठन पटौदी के पुराने कोर्ट पर इकट्ठा हुए और बाजार में दुकानों को बंद करते हुए स्छरू ऑफिस पहुंचे। इधर, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने मोनू मानेसर को लेकर कहा कि वो जरूर पकड़ा जाएगा। जो उसने किया है उसकी सजा उसको मिलेगी।

नूंह हिंसा के विरोध में 2 अगस्त को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-एनसाआर में रैलियां निकाली थीं। इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने बिष्णुपुर के कीरेनफाबी और थंगलावई में पुलिस चौकी पर हमला किया और हथियारों, गोला-बारूद का जखीरा लूट लिया।

# राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीखें तय

**अयोध्या।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्म भूमि पर निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय कर दी गयी है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अगले साल 21, 22 और 23 जनवरी की तारीख तय की है। इस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही प्रमुख साधु-संत तथा कई और अतिविशिष्ट अतिथि भी इस समारोह में शामिल होंगे। इतना ही नहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्यौता भेजा जायेगा।

# गौरीकुंड में भूस्खलनः एसडीआरएफ ने तीन शव किए बरामद, 19 लोगों की तलाश जारी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में भूस्खलन की घटना हुई थी। जिसमें 3 दुकानें और एक खोखा बह गया था। भारी बारिश से गौरीकुंड में पहाड़ी से मलबा गिरने से तीन दुकानें जमींदोज हो गई। मलबे की चपेट में आकर 19 लोगों के लापता होने की सूचना मिल रही है। जिस वक्त पहाड़ी से मलबा गिरा, उस समय दुकान में कई लोग सो रहे थे। इसमें ज्यादातर लोग नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं। इन लोगों का कुछ पता नहीं लग पा रहा है। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने तीन शव बरामद कर लिए हैं। वहीं केदारनाथ यात्रा रोकी गई है। तीन लोगों के शव के बरामद होने की पुष्टि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने किया।

# मप्र के पूर्व में बाढ़ के हालातः- जबलपुर में 11 इंच बारिश, बरगी डैम के 15 गेट खोले

संवाददाता ■ भोपाल

## सीएम का दमोह दौरा स्थगित



मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। भोपाल में शुक्रवार सुबह से बारिश हो रही है। जबलपुर में बीते 48 घंटे में 11 इंच बारिश दर्ज की गई। बरगी डैम के 21 में से 15 गेट गुरुवार रात 8 बजे खोलने पड़े। पाटन-दमोह के हिरण नदी के पुल पर 5 फीट ऊपर से पानी गुजर रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर पाटन पुलिस पुल पर तैनात की गई है। जबलपुर में कटंगी से पाटन, पाटन से मंझोली और पाटन से दमोह का संपर्क 24 घंटे से कटा हुआ है। बारिश के कारण सीएम शिवराज सिंह चौहान का दमोह दौरा स्थगित हो गया है। सीएम को लाड़ली बहना योजना के सम्मेलन में शामिल होना था। उनका एक रोड शो भी था। तेज बारिश के कारण उमरिया, अनूपपुर, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला और शहडोल जिले में शुक्रवार को स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि कम दबाव का सिस्टम नॉर्थ ईस्ट एमपी के रीवा-सतना के ऊपर से गुजर रहा था, जो अब नजदीक आ गया है।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने मप्र के प्रस्ताव को नहीं माना

संवाददाता ■ भोपाल

## साढ़े चार लाख पेंशनर को झटका

मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने बड़ा झटका दिया है। शिवराज सरकार ने पेंशनर की महंगाई राहत जनवरी से पांच प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे नहीं माना गया।

छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने जुलाई 2023 से महंगाई राहत पांच प्रतिशत बढ़ाने की सहमति दी है। जबकि, प्रदेश सरकार ने जनवरी से महंगाई राहत बढ़ाने का निर्णय लिया था पर इसका लाभ पेंशनर को नहीं मिलेगा। दरअसल, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 के अंतर्गत महंगाई राहत में वृद्धि करने के लिए सहमति अनिवार्य है।

शिवराज सरकार ने 27 जनवरी 2023 को कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार और पेंशनर की महंगाई राहत में एक जनवरी से पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया था। इसका अनुमोदन 28 फरवरी को कैबिनेट ने किया।

इसके पहले वित्त विभाग के सचिव अजीत कुमार ने 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ की वित्त सचिव अलरमेलमंगई डी को पत्र लिखकर प्रदेश सरकार के निर्णय की जानकारी दी और पांच प्रतिशत महंगाई राहत में वृद्धि करने की सहमति मांगी।

# मणिपुर को लेकर राज्यसभा में हंगामा, लोकसभा में पास हुआ सेना से जुड़ा बिल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का आज (4 अगस्त) 12वां दिन है। मणिपुर मुद्दे पर संसद में आज भी हंगामा हुआ। राज्यसभा को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब अगली कार्यवाही 7 अगस्त को होगी। वहीं लोकसभा में कार्यवाही जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में सेना से जुड़ा इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल और डिसिप्लिन) विधेयक, 2023 पेश किया। इसे पास करा दिया गया। वहीं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे।



### आप सांसद पूरे मानसून सत्र के लिए सस्पेंड

3 अगस्त को स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। इससे पहले आप के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर लोकसभा में अमित शाह के भाषण की प्रमुख बातें

दिल्ली ना तो पूरी तरह राज्य है और ना ही पूरी तरह संघ शासित प्रदेश। संसद को आर्टिकल 239 AA के तहत दिल्ली के मुद्दे पर संसद में कानून बनाने का अधिकार है। विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मनपसंद हिस्सा ही पढ़ा।

पं नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (सी राजगोपालाचारी), राजेंद्र प्रसाद और डॉ. अंबेडकर ने इस बात का विरोध किया कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए।

संपादकीय



# अमेरिका द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने बड़ा कदम

वैश्विक स्तरपर जिस तरह सृष्टि में 84 लाख़ योनियों को जीवित रहकर उन्नति करने में खाद्य,वित्त, शिक्षा सहित अन्य संसाधनों के पोषण की जरूरत होती है वरना इसके बिना जीव मृतप्राय हो जाता है, ठीक उसी तरह आतंकवाद और उसके समर्थित नेटवर्कों को भी फलने फूलने और भयंकर कुरुप बनाने में वित्तपोषण और संसाधनों का महत्वपूर्ण रोल होता है जिसके बिना आतंकवाद की बुनियाद ही हिल जाएगी, जिससे उसकी मृत्यु अर्थात खात्मा होना निश्चित है। इसीलिए ही दशकों से आतंकवाद से पीड़ित भारत द्वारा अब विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से आतंकवादियों और समर्थकों के वित्तपोषण व संसाधनों के रास्तों को बंद करने का अभियान चला रहा है जो 24/7 शुरू है। दिनांक 1 अगस्त 2023 को भी देर शाम कश्मीर घाटी में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 4 जिलों में 7 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन कर बड़ी कार्रवाई करते हुए एनजीओ कर्मचारियों डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों बरामद कर टेरर फंडिंग का भंडाफोड़ किया है। उसी तरह 1 अगस्त 2023 को ही अमेरिका ने भी मालदीव में आईएसआईएस और अलकायदा आतंकी गुटों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के आरोप में 20 व्यक्तियों और 29 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए प्रोत्साहित योग्य है। हालांकि अब अंतरराष्ट्रीय स्तरफाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) बना हुआ है जो वित्तपोषण पर नजर रखता है, जिसमें सऊदी अरब अब पहला खाड़ी देश मिलाकर 40 वें सदस्य के रूप में सदस्य बना है। वैसे भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तरपर बड़ी कामयाबी मिली हुई है क्योंकि संयुक्तराष्ट्र ने भी 2019 में आतंकवाद के वित्तपोषण को बंद करने की सख्त कार्रवाई करने के कदम उठाए हैं, जो देश वित्तपोषण करते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें जो भारतीय प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। चूंकि 1 अगस्त 2023 को देर शाम अमेरिका द्वारा वित्त पोषण को रोकने एक बड़ी कार्रवाई की है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आतंकवादी समर्थित नेटवर्ककों को वित्तपोषण और संसाधनों से वंचित करने की प्रतिबद्धता ज़रूरी है। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा वित्तपोषण के खिलाफ बड़े कदम की करें की करें तो, मालदीव में आई.एस.आई.एस. और अल-कायदा आतंकी गुटों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के आरोप में 20 व्यक्तियों और 29 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि इन लोगों का उद्देश्य मालदीव के भीतर आतंकी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता पर रोक लगाना है।अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को देर शाम कहा कि जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें कई तो पत्रकारों और स्थानीय अधिकारियों पर हमलों की योजना बनाने में शामिल थे। अमेरिका मालदीव में आतंकवादी हमलों के लिए वित्तीय और अन्य सहायता को रोकना और बाधित करना जारी रखेगा,अमेरिका के ट्रेजरी और राज्य विभागों ने मालदीव में 18 आईएसआईएस और आईएसआईएस-खुरासान (आईएसआईएस-के) के सूत्रधार और दो अल-कायदा के गुर्गों के साथ-साथ 29 संबद्ध कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाया है। नए प्रतिबंधों में मालदीव स्थित एक गिरोह में भाग लेने वाले लोगों का भी नाम शामिल है जो आईएसआईएस की गतिविधियों को वित्तपोषित करने और संभावित सदस्यों को संघर्ष वाले क्षेत्रों में भेजने के लिए तैयार करने में मदद करता था।अमेरिका आतंकवादी समर्थन नेटवर्कों का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध, आतंकवाद और वित्तीय खुफिया विभाग के अवर सचिव ने कहा कि अमेरिका इन आतंकवादी समर्थन नेटवर्कों को वित्तपोषण और संसाधनों से वंचित करने और स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके द्वारा उत्पन्न खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है।साथियों बात अगर हम 29 मार्च 2019 को आतंकवाद के लिए लड़ाई में भारत के प्रयासों को बल मिलने की करें तो, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रयास रंग लाते नज़र आ रहे है। संयुक्त राष्ट्र संघ में आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका द्वारा लाये गये एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है जिसके बाद आतंवाद को वित्तीय समेत किसी भी प्रकार की मदद करने बाले भी अब कानून के घेरे में लाये जा सकेगें। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तर पर बड़ी कामयाबी मिली है। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा समिति में एक अमेरिकी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है जिसमें सभी सदस्य देशों से आग्रह किया गया है था कि वे आतंकियों को मिलने वाली वित्तीय मदद के रास्ते बंद करने के लिये कदम उठाएं। साथ ही जो देश आतंकवादियों की आर्थिक मदद करते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की ओर से कार्रवाई भी की जा सकेगी। भारत ने प्रस्ताव स्वीकार किए जाने का स्वागत करते हुए इसे आतंकवाद के वित्त पोषण के अपराधीकरण के लिए प्रमाणिक ढांचा बनाने के वैश्विक प्रयास में 'मील का पत्थर बताया। इस प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने से पहले भारत ने पड़ोसी मुल्क का नाम लिए बिना उस पर निशाना साधते हए उसे लगातार अपराध करने वाला बताया। आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने और उससे निपटने पर सुरक्षा परिषद की खुली चर्चा में भाग लेते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देश अपनी कार्रवाई और निष्क्रियता को उचित ठहराते हुए उन्हें,पनाह देते रहेंगे।भारत ने सुरक्षा परिषद से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और संस्थाओं के खिलाफ अहम प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने का आह्वान भी किया।

# रावण को अकम्पन राक्षस द्वारा सीताहरण हेतु उकसाना तथा मारीच द्वारा रोकना

लेखक - डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग प्रायः अधिकांश श्रीरामकथाओं में रावण द्वारा सीताजी का हरण शूर्पणखा के लक्ष्मणजी द्वारा नाक-कान काटने के उपरान्त ही बताया गया। शूर्पणखा रावण को सीताजी के अद्वितीय रूप की प्रशंसा कर उनका हरण कर श्रीराम से प्रतिशोध के लिए कहती है। वह रावण के पास जाकर खर, दूषण आदि के श्रीराम द्वारा वध करने की भी सूचना देती है। अंत में मारीच स्वर्ण मृग बनकर जाता है तथा रावण सीताजी का हरण कर लंका चला जाता है।

प्रस्तुत आलेख में उपर्युक्त वर्णित घटनाक्रम वाल्मीकि रामायण में अन्य श्रीरामकथाओं से हटकर वर्णित है। वाल्मीकि रामायण में सीताहरण का परामर्श शूर्पणखा के पहले ही राक्षस अकम्पन देता है। राक्षस अकम्पन भी रावण से कहता है कि खर, दूषण का वध श्रीराम ने जनस्थान में कर दिया है। श्रीराम की पत्नी अनिंद्य सुन्दरी है उसका हरण कर लाओ तो श्रीराम जीवित नहीं रहेंगे। अकम्पन के कहने से रावण जनस्थान में मारीच के पास सीताहरण में सहायता हेतु जाता है। मारीच किसी प्रकार राक्षसवंश के अंत हो जाने का भय दिखाकर रावण को बिना सीताहरण किए समझा बुझाकर लंका उसे लौटा देता है। आगे इस वृत्तांत का वर्णन इस प्रकार है-

त्वरमाणस्ततो गत्वा जनस्थानादकम्पनरू।

प्रविश्य लंकां वेगेन रावणं वाक्यमब्रवीत।।

जनस्थानस्थिता राजन् राक्षसा बहवो हतारू।

खरश्च निहतरू संख्ये कथंचिदहमागतरू।।

वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 31-1-ष्

जनस्थान से अकम्पन नामक राक्षस बड़ी उतावली के साथ लंका की ओर गया और शीघ्र ही उस पुरी में प्रवेश करके रावण से इस प्रकार बोला- राजन्! जनस्थान में जो बहुत से राक्षस रहते थे, वे मार डाले गए। खर युद्ध में मारा गया। मैं किसी तरह जान बचाकर यहाँ आया हूँ।

अकम्पन के द्वारा ऐसा कहते ही दशमुख रावण क्रोध से जल उठा और लाल-लाल आँखें करके उससे इस प्रकार बोला, मानों उसे अपने तेज से जलाकर भस्म कर डालेगा। रावण उससे बोला मेरे भयंकर जनस्थान का विनाश जिसने किया है। उसे समस्त लोकों में कहीं भी ठोर-ठिकाना नहीं मिलने वाला है।

न हि मे विप्रियं .त्वा शक्यं मधवता सुखम्।

प्राप्तुं वैश्रवणेनापि न यमेन च विष्णुना।।

वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 31-5

मेरा अपराध करके इन्द्र, यम, कुबेर और विष्णु भी चौन से नहीं रह सकेंगे।

मैं काल का काल हूँ, आग को जला सकता हूँ तथा मौत को भी मृत्यु के मुख में डाल सकता हूँ। रावण को इस प्रकार क्रोध से भरा देखकर भय के मारे अकम्पन की साँस रुक गई तथा उसकी बोलती बन्द हो गई। उसने हाथ जोड़कर संशययुक्त वाणी में रावण से अभय की याचना की। यहस ह्ननकर रावण ने उसे अभय दान दिया। इससे अकम्पन को अपने प्राण बचने का विश्वास हुआ और वह बोला- राक्षसराज राजा दशरथ के नवयुवक पुत्र श्रीराम पंचवटी में रहते हैं। उनके शरीर की गठन सिंह के समान है, कंधे मोटे और भुजाएँ गोल तथा लम्बी है, शरीर का रंग साँवला है। उनके बल और पराक्रम की कहीं तुलना नहीं है। उन्होंने जनस्थान में रहने वाले खर और दूषण आदि का वध कर दिया है। यह सुनकर वह बोला- अकम्पन! बताओ तो सही क्या राम सम्पूर्ण देवताओं तथा इन्द्र के साथ जनस्थान में आए हैं? श्रीराम के साथ उनके छोटे भाई लक्ष्मण भी हैं जो उन्हीं के समान बलवान है। उन दोनों के साथ न कोई देवता है न महात्मा मुनि। श्रीराम के द्वारा छोड़े हुए सोने के पाँख वाले बाण पाँच मुखवाले सर्प बनकर राक्षसों को खा जाते थे।

येन येन च गच्छन्ति राक्षसा भयकर्षितारू।।

तेन तेन स्म पश्यन्ति राममेवाग्रतरू स्थितम्।

इत्थं विनाशितं तेन जनस्थानं तवानघ।।

वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 31-19-षे

भय से कातर हुए राक्षस जिस जिस मार्ग से भागते थे, वहाँ-वहाँ वे श्रीराम को ही अपने सामने खड़ा देखते थे। अनघ! इस प्रकार अकेले श्रीराम ने आपके जनस्थान का विनाश किया है।

अकम्पन की यह बात सुनकर रावण ने कहा- मैं अभी लक्ष्मण सहित राम का वध करने के लिए जनस्थान जाऊँगा। रावण के ऐसा कहने पर अकम्पन बोला- राजन। श्रीराम का बल और पुरुषार्थ जैसा है, उसका वर्णन सुनिये- वे भगवान् श्रीराम समुद्र में डूबती हुई पृथ्वी को ऊपर उठा सकते हैं, महासागर की मर्यादा का भेदन करके समस्त लोकों को उसके जल से आप्लावित कर सकते हैं तथा अपने बाणों से समुद्र के वेग अथवा वायु को भी नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नहीं श्रीराम अपने पराक्रम से सम्पूर्ण लोकों का संहार करके पुनरू नए सिरे से प्रजा की सृष्टि करने में समर्थ हैं। दशग्रीवरू! जैसे पापी पुरुष स्वर्ग पर अधिकार नहीं प्राप्त कर सकते, उसी प्रकार अथवा समस्त राक्षस-जगत् भी युद्ध में, श्रीराम को जीत नहीं सकते। अकम्पन ने पुनरू रावण से कहा कि मेरी समझ में सम्पूर्ण देवता और असुर मिलकर भी उनका वध नहीं कर सकते। उनके वध का यह एक उपाय मुझे सूझा है, इसे आप एकचित्त होकर सुनिये।

भार्या तस्योत्तमा लोके सीता नाम सुमध्यमा।

श्यामा समविशक्तांगी स्त्रीरत्न रत्नभूषिता।।

नैव देवी न गन्धवब नाप्सरा न च पन्नगी।

तुल्या सीमन्तिनी तस्या मानुषी तु कुतो भवेत्।।

वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 31-ष्9-3o

श्रीराम की पत्नी सीता संसार की सर्वेत्तम सुन्दरी है। उसने यौवन के मध्य में पदार्पण किया है। उसके अंग-प्रत्यंग सुन्दर और सुडौल है। वह रत्नमय आभूषणों से विभूषित रहती है। सीता सम्पूर्ण स्त्रियों में एक रत्न है। देवकन्या, गन्धर्वकन्या, अप्सरा अथवा नागकन्या कोई भी रूप में उसकी समानता नहीं कर सकती, फिर मनुष्य जाति की दूसरी कोई नारी उसके समान कैसे हो सकती है? हे राक्षसराज! उस विशाल वन में जिस किसी भी उपाय से श्रीराम को धोखे में डालकर आप उनकी पत्नी (सीता) का अपहरण कर लें। सीता से बिछुड़ जाने पर श्रीराम कदापि जीवित नहीं रहेंगे। रावण को अकम्पन की यह बात बहुत पसन्द आ गई। रावण ने सोच-विचार कर अकम्पन से कहा- ठीक है, कल प्रातरूकाल सारथि के साथ मैं अकेला ही जाऊँगा। इतना कहकर रावण गधों से जुते हुए रथ पर आरुढ़ हो वहाँ से निकल पड़ा।

कुछ दूरी पर जाकर स्थित एक आश्रम में वह ताड़का के पुत्र मारीच से मिला। मारीच ने अलौकिक भक्ष्य-भोजन अर्पित करके दशानन का स्वागत-सत्कार किया। तदनन्तर मारीच ने कहा- राक्षसराज! तुम्हारे राज्य में लोगों की कुशल तो है न? तुम बड़ी उतावली के साथ आ रहे हो, इसलिए मेरे मन में कुछ शंका (खटका) हुआ है। मैं समझता हूँ, तुम्हारे यहाँ अच्छा हाल नहीं है। मारीच के इस प्रकार पूछने पर संभाषण की कला को जानने वाले रावण ने इस प्रकार कहा- तात! अनायास ही महान पराक्रम दिखाने वाले श्रीराम ने मेरे राज्य की सीमा के रक्षक खर-दूषण आदि का वध कर दिया है जो जनस्थान अवध्य समझा जाता था, वहाँ के सारे राक्षसों को भी उन्होंने युद्ध में मार गिराया है।

तस्ऱ् मे कुरु साचिव्यं तस्य भार्यापहारणे।

राक्षसेन्द्रवचरू श्रुत्वा मारीचो वाक्यमब्रबीत।।

आख्याता केन वा सीता मित्ररुपेण शत्रुणा।

त्वया राक्षसशार्दूल को न नन्दति नन्दितरू।। वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 31-41-4ष्

अतरू इसका बदला लेने के लिए मैं उनकी स्त्री का अपहरण करना चाहता हूँ। इस कार्य में तुम मेरी सहायता करो। राक्षसराज रावण का यह वचन सुनकर मारीच बोला- शनिशाचर शिरामणेय्! मित्र के रूप में तुम्हारा वह कौन सा ऐसा शत्रु है, जिसने तुम्हें सीता को हर लेने की सलाह दी है? कौन ऐसा पुरुष है, जो तुम्हारे सुख और आदर पाकर भी प्रसन्न नहीं है, अतरू तुम्हारी बुराई करना चाहता है?

कौन कहता है कि तुम सीता को यहाँ से हरण कर ले जाओगे? मुझे उसका नाम बताओ? वह कौन है, मुझे उसका नाम बताओ? वह कौन है, जो समस्त राक्षसजगत् का सींग काट लेना चाहता है? जो भी इस कार्य में तुम्हें प्रोत्साहन दे रहा हूँ, वह तुम्हारा शत्रु है, इसमें संशय नहीं है। वह तुम्हारे हाथों विषधर सर्प के मुख से उसके दाँत उखड़वाना चाहता है? किसने सुखपूर्वक सोते समय तुम्हारे मस्तक पर लात मारी है।

रावण! राघवेन्द्र श्रीराम वह गन्धयुक्त गजराज है, जिसकी गन्ध सूंघकर ही गजरूपी योद्धा दूर भाग जाते हैं। विशुद्ध कुल में जन्म ग्रहण करना ही उस राघवरूपी गजराज का शुष्कदण्ड है, प्रताप का मद है और सुडौल बाँहें ही दोनों दाँत है। युद्धस्थल में उनकी ओर देखना भी तुम्हारे लिए उचित नहीं है फिर जूझने की बात ही क्या है?

वे श्रीराम मनुष्य के रूप में एक सिंह है। रणभूमि के भीतर स्थित होते ही उनके अंगों की संधियाँ शक्तिशाली हो जाती है।

वह सिंह चतुर राक्षसरूपी मृगों का वध करने वाला है।

# ज्ञान से ही वात्सल्य, स्नेह, संघर्ष और संकल्प परिभाषित होतें है

लेखक-संजीव ठाकुर, चिंतक

**मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है।**

ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है।

इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंनेसंपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की।

महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं।

वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।

भौतिक जगत के विश्लेषणात्मक अध्ययन (सांख्य) का उद्देश्य आत्मा को प्राप्त करना है। भौतिक जगत की आत्मा विष्णु या परमात्मा है. भगवान की भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा है। एक विधि से वृक्ष की जड़ खोजी जाती है और दूसरी विधि से उसको सींचा जाता है। सांख्य दर्शन का वास्तविक छात्र जगत के मूल अर्थात विष्णु को ढूंढता है, और फिर पूर्णज्ञान समेत अपने को भगवान की सेवा में लगा देता है। अतः मूलतः इन दोनों में कोई भेद नहीं है क्योंकि दोनों का उद्देश्य विष्णु की प्राप्ति है। जो लोग चरम उद्देश्य को नहीं जानते, वे ही कहते हैं कि सांख्य और कर्मयोग एक नहीं है। किंतु जो विद्वान है, वह जानता है कि इन दोनों भिन्न विधियों का उद्देश्य एक है। दार्शनिक शोध (सांख्य) का वास्तविक उद्देश्य जीवन के चरम लक्ष्य की खोज है। चूंकि जीवन का चरम लक्ष्य आत्म-साक्षात्कार है, अतः दोनों विधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों में कोई अन्तर नहीं है। वस्तुतः जो पदार्थ से विरक्ति व कृष्ण में आसक्ति को एक तरह देखता है, वही वस्तुओं को यथारूप में देखता है। मायावादी संन्यासी सांख्य दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं तथा वैष्णव संन्यासी वेदान्त सूत्रों के यथार्थ भाष्य भागवत दर्शन के अध्ययन में लगे रहते हैं। वैष्णव संन्यासियों को भौतिक कार्य से कोई सरोकार नहीं रहता, तो भी वे भगवान की भक्ति में नाना प्रकार के कार्य करते हैं। किन्तु मायावादी संन्यासी, जो सांख्य तथा वेदान्त के अध्ययन व चिन्तन में लगे रहते हैं, भगवान की दिव्य भक्ति का आनन्द नहीं उठा पाते। उनका अध्ययन अत्यन्त जटिल हो जाता है, अतः वे कभी-कभी ब्रह्म चिन्तन से ऊबकर समुचित बोध बिना ही भागवत की शरण ग्रहण करते हैं। मायावादी संन्यासी कभी-कभी आत्म-साक्षात्कार के पथ से नीचे गिर जाते हैं और फिर से समाजसेवा, परोपकार जैसे भौतिक कर्म में प्रवृत्त होते हैं। अतः निष्कर्ष निकला कि कृष्णभावनामृत के कार्य में लगे रहने वाले लोग ब्रह्म-अब्रह्म विषयक चिन्तन में लगे संन्यासियों से श्रेष्ठ होते हैं, यद्यपि वे भी अनेक जन्मों के बाद कृष्णभावनाभावित हो जाते हैं।

## आज का सुविचार

बाधाएं दरअसल भी भयावह चीजें है, जिन पर आपका ध्यान उस समय जाता है जब आप की नजर लक्ष्य से हट जाती है।

हेनरी फोर्ड

सही राह पर होने के बाद भी यदि आप वहां बैठे ही रहोगे तो कोई गाड़ी आपको कुचलकर चली जायेगी।

विल रोजर्स

# संसद में विवादित बयान : संविधान ने सब कुछ करने की छूट दी... गृहमंत्री

लेखक - ओम प्रकाश मेहता

**भारत की मौजूदा सरकार की यह सोच कि संविधान ने बहुमत वाली सरकार को सब कुछ करने की छूट दी है हमारे संविधान के परिपेक्ष में कितनी सही या गलत है?**

यह तो राजनीतिक पंडितों के विचार विमर्श की विषय वस्तु है, किंतु भारत के हर जागरूक बुद्धिजीवी नागरिक की दृष्टि में मौजूदा सरकार की संसद में की गई यह गर्वोक्ति संवैधानिक दृष्टि से बिल्कुल भी उचित नहीं है, क्योंकि अतीत में ऐसी ही सोच रखने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इसका खामियाजा भुगत चुकी है। गृह मंत्री अमित भाई शाह ने पिछले दिनों संसद में दिल्ली सेवा अध्यादेश प्रस्तुत करते हुए कहा था कि हमारी सरकार बहुमत में है और बहुमत वाली सरकार को हमारे संविधान के तहत हर कदम उठाने और फैसला लेने की छूट है, हमें इस कार्य से कोई नहीं रोक सकता। गृह मंत्री के इस बयान से देश के राजनीतिक क्षेत्रों में हलचल सी मच गई है और विभिन्न विचारक गृहमंत्री के इस कथन के विभिन्न अर्थ निकाल रहे हैं। गृह मंत्री के इस बयान व दिल्ली सेवा अध्यादेश की वास्तविक तथा कथा यह है कि दिल्ली में मोदी जी की नाक के नीचे भाजपा विरोधी आप की सरकार है गृह मंत्री व प्रधानमंत्री ने कई तरीकों से दिल्ली की इस सरकार को कसने या इसे अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश की, किंतु उन्हें सफलता नहीं मिली, तब सरकार संसद में दिल्ली सेवा अध्यादेश लेकर आई जिस पर संसद में इन दिनों हंगामा पूर्ण चर्चा जारी है, किंतु देश की राजनीति के पंडितों का कहना है कि देश के गृहमंत्री को ऐसा बयान देने से पहले देश का अतीत जानने के लिए इंदिरा जी के शासन का इतिहास पढ़ लेना चाहिए था और उनके 19 महीनों के आपातकाल का हश्र जान लेना चाहिए था, इसके बाद संविधान की दुहाई देकर संसद में बयान देना चाहिए था, क्योंकि हमारे संविधान ने बहुमत वाली सरकार को हर तरह की मनमानी करने की छूट नहीं दी है, संविधान व संसद के नियमों के अनुसार सरकार चलाने की संविधान ने मनसा जाहिर की है, इसलिए एक जिम्मेदार गृहमंत्री को प्रजातंत्र के सबसे महान मंदिर में ऐसी बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। यही नहीं... यदि हम आज के संसदीय परिप्रेक्ष्य में मौजूदा सरकार को देखें तो सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री और सत्ता पक्ष के नेता प्रधानमंत्री लगातार संसद की उपेक्षा कर रहे हैं, जिस संसद में राज्यसभा के सभापति को यह कहना पड़े कि वह प्रधानमंत्री जी को संसद में हाजिर रहने का निर्देश नहीं दे सकते उस देश की संसद अपने आप में कितनी असहाय है? देश का पूर्वोत्तर भाग सांप्रदायिकता की आग में जल रहा है मणिपुर मिजोरम की आग दिन दूनी रात चौगुनी फैल रही है और हमारी केंद्र सरकार व उसके प्रधानमंत्री चैन की बंसी बजा रहे हैं? आखिर यह परिदृश्य क्या संदेश दे रहा है? जिस लोकतंत्री देश के प्रति पक्ष को संसद में प्रधानमंत्री की वाणी सुनने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़े उस देश में लोकतंत्र की उम्र कितनी रह गई है, यह कोई नहीं जानता क्या? किंतु किया क्या जाए सरकार बहुमत वाली है कुछ भी कर सकती है यह संदेश तो गृह मंत्री जी दे ही चुके हैं? मेरी दृष्टि में इसे प्रजातंत्रिय दोष ही कहा जा सकता है? क्योंकि यहां की सर्वोच्च शासक राष्ट्रपति है, जो प्रधानमंत्री की मनमर्जी से आज इस कुर्सी पर है ऐसे में कितने ही विपक्षी दल सरकार की शिकायतें उन तक पहुंचाए उससे क्या होना जाना है? अब आज की तारीख में सबसे मौजू और ज्वलंत सवाल यही है कि देश की सत्ता व उस पर काबिज देश के कर्णधारो के खिलाफ वाजिब शिकायतें भी किसके सामने प्रस्तुत की जाए? और कौन उन पर लगाम लगा सकता है? क्या इसके लिए प्रजातंत्रिय देश में अगले चुनावों तक इंतजार करना पड़ेगा? हमारे संविधान निर्माताओं ने क्या कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नही की थी? आज सरकार मनमानी पर है और देश उनकी नादानी पर।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय श्रावण, कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमें तिथि चतुर्थी, शनिवासरे, उत्तरा भाद्र पद नक्षत्रे, शुभ योगे, वालव करणे, मीन की चंद्रमा, शुक्र का अस्त पश्चिम दिशा 20/44 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, ट्रस्टी, मंदिर-धर्मशाला, अस्पताल बनवाने वाला, धनी होगा।

**मेष राशि** - मित्र से पीड़ा, विवाद, मातृ कष्ट, व्यर्थ कार्य होगें, पड़ोसियों से विवाद होगा।

**वृष राशि** - धन व्यय, व्यापार में प्रगति, शुभ कार्य होंगे, परिवार में अनुकूल बना ही रहेगा।

**मिथुन राशि** - पितृ कष्ट, यात्रा योग, व्यय लाभ अस्थिर व अशांति का वातावरण बना रहेगा।

**कर्क राशि** - यात्रा सुख, भूमि लाभ, हर्ष सिद्ध खेती व गृह लाभ कार्य की व्यवस्था उत्तम बनेंगी।

**सिंह राशि** - शरीर कष्ट, आय व्यय, कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार के साथ लाभ अवश्य होगा।

**कन्या राशि** - खर्च विवाद स्त्री कष्ट, विद्या लाभ, धीरे-धीरे सुधार के साथ लाभ की स्थिति अवश्य बनेगी।

**तुला राशि** - यात्रा से लाभ होगा, शरीर कष्ट, खर्च की अधिकता रहेगी, कार्यों पर ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि** - वृत्ति से लाभ, यात्रा, सम्पत्ति से लाभ, व्यापार में सुधार हो, खर्चे होते रहेंगे।

**धनु राशि** - अल्प लाभ, चोट अग्नि-शरीर भय, मानसिक परेशानी, अपवाद से मानसिक उलझन बढ़ेगी।

**मकर राशि** - शत्रु से हानि, अपव्यय होगा, शरीरादि सुख होवें, कमी की स्थिति रहेगी।

**कुंभ राशि** - शुभ कार्यों में व्यय होगा, संतान सुख, कार्यों में सफलता मिलेगी, उत्साह की वृद्धि होगी।

**मीन राशि** - पदोन्नति होगी, राजभय, लाभ-हानि की स्थिति रहेगी, अधिकारियों से मनमुटव होगा।

## आज का कार्टून



## स्टेट बैंक ने प्रधानों के सामने खोला अपनी योजनाओं का पिटारा



जसवंतनगर(इटावा)। ब्लॉक सभागार में शुक्रवार भारतीय स्टेट बैंक जसवंतनगर द्वारा ग्राम प्रधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैंक अधिकारियों ने बैंक की विभिन्न योजनाओं को बताया गया। शाखा प्रबंधक साहब सिंह ने बैंक की किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी बैंक लिंकेज, कृषि निवेश ऋण उत्पाद , बैंक में बचत प्रोडक्ट, कृषि निवेश ऋण आदि योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी। बैंक ऋण दाताओं को उनका ऋण अदा करने के लिए अनेक सुविधाएं दे रही है, संबंधित लोग इसके बारे में शाखा में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए बैंक विशेष रूप से प्रयासरत है। स्वयं सहायता समूह के खाते लगातार खोले जा रहे हैं। आर बी ओ कार्यालय इटावा के ब्रह्म प्रकाश मिश्र ने भी बैंक की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। खंड विकास अधिकारी श्वेता गर्ग ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से अपने अपने गांव के लाभार्थियों व किसानों को बैंक की योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कराने के लिए प्रयास करने की अपील की। बैंक के सहायक प्रबंधक ऋण रविंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों व प्रधानों की प्रति आभार व्यक्त किया।

## 5 अगस्त को सनातन शौर्य दिवस घोषित किया जाए

जसवंतनगर(इटावा)। राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रवक्ता और प्रदेश अध्यक्ष ऋषि कांत चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 5 अगस्त के दिन को सनातन शौर्य दिवस के रूप में घोषित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त के दिन ही प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण शिलान्यास एवं भूमि पूजन के साथ हुआ था। श्री चतुर्वेदी ने कहा है कि मुगल कबिलाई लुटेरों द्वारा 492 वर्ष पूर्व कब्जाए गए राम जन्म भूमि को 5 अगस्त के दिन ही मुक्ति मिली थी। भव्य मंदिर निर्माण शुरू हुआ था। घोषित होने वाले सनातन शौर्य दिवस 5 अगस्त को देश के 100 करोड़ से ज्यादा सनातन धर्म अनुयायियों को दिवाली की तरह मनाना चाहिए। प्रधानमंत्री के अलावा यह मांग पत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को भी भेजा गया है। इस मांग पत्र पर ब्राह्मण स्वाभिमान समिति के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं।

## शिकायतों के निस्तारण में जसवंत नगर क्षेत्र के तीन थाने प्रदेश में प्रथम



जसवंतनगर(इटावा)। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजी जाने वाली शिकायतों के निस्तारण पर निगाह रखने वाली संस्था आई जी आर एस ने जसवंतनगर सर्किल के तीन थानों को जनशिकायतों के निवारण में प्रदेश में प्रथम स्थान दिया है। यह जानकारी क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर अतुल प्रधान ने देते हुए बताया है कि थाना जसवंतनगर थाना बलरई और थाना बढ़पुरा इन तीन थानों में शुमार हैं। इन थाना क्षेत्रों से क्रमशा: जुलाई माह में जसवंतनगर क्षेत्र से 210 बलरई से 16 और बढ़पुरा से 72 शिकायतें मुख्यमंत्री को भेजी गई थी। यह सभी शिकायतें ,मुख्यमंत्री पोर्टल से संबंधित थानों को निस्तारण के लिए भेजा गई थीं, जिन्हें इन थानों ने सौ परसेंट निस्तारित करके प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। न केवल निस्तारण किया गया, बल्कि शिकायत कर्ताओं को पूर्णतया संतुष्ट भी किया गया। इस तरह इन थानों ने शिकायतें निस्तारण में इटावा जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

## फाल्ट ठीक करने के दौरान अचानक सप्लाई चालू होने से संविदा विद्युत कर्मी की करंट लगने से मौत

* **परिजनों व सह विद्युत कर्मियों ने 4 घंटे तक अस्पताल से नहीं उठने दिया शव।**

अजीतमल तहसील क्षेत्र के अयाना थाना क्षेत्र में एक विद्युत कर्मी की फाल्ट ठीक करने के दौरान सप्लाई चालू होने पर अचानक करंट से मौत हो जाने के मामले में परिजनों व सह विद्युत कर्मियों द्वारा तत्काल मुआवजे की मांग को लेकर शव न उठने देने पर दो थानों की पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे ।जहां मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया अयाना थाना क्षेत्र के नवादा महिपतसिंह निवासी रुस्तम सिंह पुत्र राम जी लाल बीते 25 वर्षों से संविदा कर्मचारी के रूप विद्युत विभाग में कार्यरत है शुक्रवार की सुबह करीब 12ः00 असेवा गांव में विद्युत केंद्र से शट डाउन लेकर फाल्ट ठीक करने गया था फाल्ट ठीक करने के दौरान अचानक लाइन में करंट आ जाने से रुस्तम सिंह जमीन पर गिर पड़ा, आनन–फानन में उसे स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया जहां इलाज शुरू होते ही रुस्तम सिंह की मौत हो गई। विद्युत कर्मी की मौत की जानकारी पर परिजन सहित अयाना फीडर व अजीतमल फीडर के करीब आधा सैकड़ा संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंच गए जहां उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव नहीं उठने दिया ।घटना की जानकारी पर उप जिलाधिकारी अजीतमल संध्या शर्मा, एसडीओ अयाना सत्येंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ अजीतमल अजय कुमार यादव , कोतवाल अजीतमल मुकेश बाबू ,थानाध्यक्ष अयाना एस के पांडे सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया लेकिन परिजनों ने अधिशासी अभियंता को मौके पर बुलाए जाने की मांग की, वहीं उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा ने परिजनों को सांत्वना देकर सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। तथा संविदा विद्युत कर्मी संगठन के अध्यक्ष मनोज शर्मा,मंत्री उदयसिंह आदि से वार्ता की । करीब 4 बजे अजीतमल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह ने विभाग के संविदा कर्मी के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद, परिवार के सदस्य को नौकरी देने का आश्वस्त किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में सात लाख पचास हजार रूपये दिए जाने का प्रावधान है। ठेकेदार द्वारा त्वरित सहायता में पांच लाख रुपए मृतक की पत्नी के बैंक खाते में डलवाए जा रहे है। दो लाख पचास हजार रुपए अन्य कार्यवाही पूरी होने पर दिए जायेंगे। साथ ही विभाग की ओर से निर्धारित आर्थिक मदद भी दिलवाए जाने की कार्यवाही की जायेगी। तथा मृतक के बेटे को नौकरी पर रखा जाएगा । वही घटना के संबंध में लापरवाही बरतने वाले दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने कराईं न्याय पंचायत स्तरीय खो -खो प्रतियोगिताएं



जसवंतनगर(इटावा) बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक जसवंतनगर में न्याय पंचायत स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन यहां की सभी पांच न्याय पंचायतों सरायभूपत, मलाजनी, धरवार, धनुवां और नगर क्षेत्र में आयोजित कराया गया। प्राथमिक और जूनियर स्तर पर बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता कराकर उन्हें चयनित किया गया। यह खिलाड़ी अब ब्लाक स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। सरायभूपत में जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक उपस्थित थे साथ मे हरी कुमार, शशिभूषण यादव, पुष्पा यादव, प्रमोद कुमार सैय्यद हसन मुस्तफा आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन निर्निमेष एवं केशव ने किया।जैनपुर नागर व बलैयापुर टीम विजेता रही। मलाजनी में मोहम्मद फुरखान, विशुन सिंह, राबिया बेगम ,सतीश कुमार आदि खिलाड़ियों सहित उपस्थित थे, मलाजनी टीम का दबदबा रहा। निर्णायक की भूमिका सत्यवीर एवं रामनरेंद्र ने निभाई । नगर क्षेत्र में अरशद हुसैन एवं लाली, सत्यनारायण प्रसाद एवं रोहित यादव ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। धरवार में प्रतियोगिता का संचालन अमरपाल यादव ने किया। हरिओम शाक्य एवं मनोज कुमार निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। भारी संख्या में शिक्षकों, बच्चों ने प्रतिभाग किया धरवार की टीम ने विजयी प्राप्त की। धनुवां में मुख्य अतिथि डॉ राममनोहर लोहिया इंटर कॉलेज के प्राचार्य विनोद यादव उपस्थित थे। सफल आयोजन हरिमोहन राजपूत, उमेश चन्द्र यादव, बलबीर यादव, देवेंद्र कुमार, सारदेव, श्याममोहन शुभा चौहान आदि ने खिलाड़ियों की उपस्थिति में कराया। मीरखपुर पुठिया की टीम हर वर्ग में विजेता रही। खण्ड शिक्षा अधिकारी अकलेश सकलेचा ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक विद्यालय से बच्चे प्रतिभाग अवश्य करें। ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ने बताया है कि विकासखण्ड जसवंतनगर में शिक्षकों और बच्चों में खेलों के प्रति जो उत्साह और जज्बा है, उसी की बदौलत यहां के बच्चे मण्डल और प्रदेश पर अपने गाँव और जसवंतनगर का नाम रोशन करते रहे हैं और भविष्य में करेंगे।

# बीडीओ ने गांवों में पहुंचकर जांची मनरेगा और पीएम आवास योजना

### मनरेगा मजदूर काम करते नहीं मिले

### पात्रों को वितरित हुए पीएम आवास



जसवंतनगर(इटावा)। क्षेत्र में चलने वाले मनरेगा कार्यों को लेकर आए दिन अनियमितताओं की चर्चा रहती है। शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी(बीडीओ) श्वेता गर्ग जब क्षेत्र के दो गांवों में आकस्मिक निरीक्षण को पहुंची ,तो उन्हें स्थलीय निरीक्षण के दौरान मनरेगा मजदूर काम करते हुए ही नहीं मिले, हालांकि उन्होंने जब प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर अपात्रों और पात्रों की खुद जांच की, तो कोई अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ उठाता नहीं मिला। श्वेता गर्ग बिना सूचना दिए ही भीखनपुरा और बाउथ गांव में सवेरे ही पहुंच गई थी। इन दोनों गांव में वह जब उन कार्य स्थलों पर पहुंची, जहां मनरेगा मजदूरों से काम कराया जाना बताया गया था, वहां उन्हें कोई मनरेगा मजदूर काम करते हुए ही नहीं मिला। दोनों गांव के प्रधान और सेक्रेटरी को बुलाकर उन्होंने जवाब सवाल किया, मगर कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्होंने दोनों गांव के जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। खंड विकास अधिकारी ने दोनों गांव से निरीक्षण से लौटने पर बताया कि उन्हें इन गांवों में पीएम आवास योजना का कोई भी अपात्र व्यक्ति नहीं मिला। पात्र व्यक्तियों को आवास आवंटन से आवास धारकों के चेहरों पर हर्ष था। जिन लोगों ने आवंटन के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं, वह भी पूरी उम्मीद में थे कि उन्हें नियमानुसार आवासों का आवंटन होगा। उन्होंने बताया कि आवासों के लिए जारी की गई राशि में भी किसी भी तरह का भ्रष्टाचार उनके संज्ञान में नहीं आया। उन्होंने बताया कि वह आज की तरह भविष्य में भी इस तरह से ग्राम सभाओं में जाकर विकास कामों तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण करेंगी। प्रधानों तथा सचिवों से उन्होंने अपील की कि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ ग्रामीणों को प्रदान करने में वह अपना योगदान दें।

## 12 को आयोजित की जाएगी एनआई एक्ट लोक अदालत

**इटावा! अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा श्वेता श्रीवास्तव - द्व ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के आदेशानुसार दिनांक 12/08/2023 को प्रातः 10ः00 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में एन0आई0 एक्ट से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें धारा 138 एन0आई0 एक्ट से संबंधित मामले निस्तारित किये जायेगे। राष्ट्रीय लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये। उन्होंने सर्व साधारण को सूचित किया है कि दिनांक 12/08/2023 को प्रातः 10ः00 बजे आयोजित होने वाली एन0आई0 एक्ट से संबंधित विशेष लोक अदालत में अपने लम्बित मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु उक्त लोक अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोग विशेष लोक अदालत का लाभ उठाये।**

# जो परोपकार में लगा है, वही साधु है-संतदास महाराज



इटावा। राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में हो रही नौ दिवसीय राम कथा में प्रवचन देते हुए वृंदावन धाम के रामायणी श्री संतदास महाराज ने कहा कि जो परोपकार में लगा है, वही साधु है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। सेवा सदैव परहित से जुड़ी होती है, और 卐परहित सरिस धर्म नहिं भाई卐। चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान द्वारा संचालित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित उक्त राम कथा के द्वितीय दिवस संस्थान के दिवंगत सदस्य श्री शिव सेवक तिवारी की स्मृति में सती शिव विवाह के प्रसंग का तात्विक विवेचन करते हुए संतदास महाराज ने कहा कि सृष्टि के प्रथम वैष्णव भक्त शिवजी हैं, जिन्होंने भक्ति के निर्वाह के लिए अपनी पत्नी का त्याग कर दिया। यथाट्ठ 卐है को अस रघुपत व्रत धारी। बिनु अघ तजी सती अस नारी।卐 सतीजी के साथ ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने राम कथा सुनने में भी संदेह किया और राम की ऐश्वर्य महिमा पर संदेह कर उनकी भी परीक्षा ली। जबकि 卐राम कथा सुंदर कर तारी। संशय बिहग उड़ावन हारी卐 है। इसीलिए शंभु ने उन्हें त्याग दिया। और इसीलिए रामजी भी शिवजी के प्रेम से वशीभूत हो यह कहते हैं कि 卐जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मम भगति हमारी卐। उन्होंने कहा कि जो लोग परोपकार में लगे रहते हैं, संसार में सदा उनकी प्रशंसा होती है और वास्तव में उनका ही मनुष्य जन्म धन्य है। शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय संस्थान के लोग धन्य हैं, जो परोपकार में लगे हुए हैं। कथा के अंत में आरती हुई। संस्थान एवं आयोजन के सहयोगी डॉ. विद्याकांत तिवारी, आचार्य ऋषि नंदन मिश्रा, राजेंद्र कुमार दीक्षित, अरविंद तिवारी, एस के चौधरी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके त्रिपाठी, महेश कुमार बाथम, विनोद त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित, डा. जे के तिवारी, सी बी मिश्रा, आचार्य महेश तिवारी, श्याम सुंदर दीक्षित, जगदीश प्रसाद पांडेय, राजेश वाजपेई, छुन्ना तिवारी, धीरज अग्निहोत्री, रनवीर सिंह, घनश्याम तिवारी, अवधेश पचौरी उपस्थित रहे।

# ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की कार्यशाला में असामयिक दुर्घटनाओं के बचाव पर जोर

### एस एम जी आई में हुई आयोजित



इटावा, 4 अगस्त।सैफई ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने जिला स्तर पर मरीजों में चोटों और मौतों को रोकने के लिए एल एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में किया गया। संस्थान के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने विशेषज्ञों के निर्देशन में ज्ञानार्जन किया। इस फर्स्ट एड मेडिकल प्रशिक्षण कार्यशाला के अन्तर्गत किसी भी सामान्य व्यक्ति को प्रशिक्षित करने के साथ असमय दुर्घटना में आने वाली चोटों के घातक परिणामों से आम जनता को बचाने के लिए हर एक व्यक्ति को प्रशिक्षित करने का संकल्प भी लिया गया । सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में आयोजित हुई इस विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीता राम ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

डॉ विकास यादव,चेयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा ने कार्यशाला में पधारे सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डॉ गीता राम अपने उद्बोधन में कहा कि,भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली चोटों और मौतों को रोकने के प्रयासों के तहत जीवन रक्षा का यह एक प्राथमिक प्रक्षिशण है। उन्होंने इस तरह के आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए स्वास्थ्यप्रद आहार और भोजन के महत्व पर भी बल दिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ, चिकित्सकों सहित चिकित्सा के पेशेवरों ने भी चोटों के घातक परिणामों के बारे में जागरूकता के साथ छात्र छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का सरल प्रक्षिशण भी दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञके डॉ. आर एस यादव ने कहा कि, भारत में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटना की गम्भीर चोटों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। कार्यशाला में सैफई आर्थोपेडिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. डी. के. दुबे ने उपस्थित लोगों को बारीकी से समझाया कि, हेड इंजरी में मामूली सी दिखने वाली चोटें भी भविष्य में बड़े गम्भीर परिणामों को जन्म दे सकती हैं। अत: सिर की चोटों को कभी भी हल्के में न लें बल्कि, समय रहते ही चिकित्सक से सही उपचार कराएं। सैफई आर्थोपेडिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं सैफई ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि, दुर्घटना के बाद के कुछ पल मरीज के लिए बहुत ही बहुमूल्य होते हैं, जिसमें त्वरित इलाज से व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है । एसोसिएशन के सचिव एवं एसोसिएट प्रोफेसर यूपीएमएस सैफई डॉ अजय राजपूत ने जीवन बचाने वाली जरूरी प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया । कार्यशाला में एसोसिएशन के डॉ एम एस पाल, डॉ एस सी चतुर्वेदी, डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ ईश्वर, डॉ सौरभ यादव,वरिष्ठ रेजिडेंट, यूपीएमएस सैफई एवं डॉ अरविंद यादव सहित जूनियर रेजिडेंट,यूपीएमएस सैफई के साथ डॉ विकास यादव,चेयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा, डॉ उमाशंकर शर्मा डायरेक्टर,सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस इटावा,शशि शेखर त्रिपाठी, डायरेक्टर सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, विद्यारानी, प्रिंसिपल सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, मुकेश पाठक, एडमिनिस्ट्रेटर मदन हॉस्पिटल, डॉ रेहनुद्दीन,एसोसिएट प्रोफेसर ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन शशिशेखर त्रिपाठी एवं सैफई ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के डॉ अजय राजपूत ने किया।

# संसार में भगवत कृपा से ही होते हैं, संतो के दर्शनः आचार्य श्याम मोहन

### नृसिंह मंदिर में चल रही है राम कथा



जसवंतनगर(इटावा)। इस संसार में भगवान की कृपा से ही हमें मनुष्य जन्म प्राप्त हुआ है। भगवद कृपा से ही संतो के दर्शन संभव हैं। भगवान राम जब बनवास को जा रहे थे, तो उन्हें भी उनके मन में विराजमान भगवान ने ही अनेक संतों के दर्शन कराए थे। उन्ही संतो के मार्गदर्शन से ही उन्होंने अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान रावण जैसे जगविजयी आततायी का अंत किया था। यहां के मोहल्ला कटरा पुख्ता के नृसिंह मंदिर में चल रही रामकथा में प्रवचन करते श्री धाम वृंदावन, मथुरा के कथावाचक स्वामी श्याम नारायण जी महाराज ने यह बात कही। राम कथा के सातवें दिन वह भगवान राम के वनवास और उनके लक्ष्मण और सीता सहित वन गमन जाने की कथा का वर्णन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केवट ने जब भगवान राम से नाव की उतराई नहीं ली, थी तो उसने भगवान राम से वचन ले लिया था कि जब वह वनवास से लौटे तो वह उनकी नाव पर ही सवार होकर अयोध्या जाएं ,तब ही वह उनसे उतराई लेगा। उसका तात्पर्य था कि भगवान वनवास के बाद अयोध्या लौट कर रामराज की स्थापना करें। उन्होंने बताया कि भारद्वाज मुनि ने भगवान राम का वन गमन के दौरान उनका रास्ता प्रशस्त किया था। उनका रास्ता प्रशस्त करने के लिए चार संत उनके आगे आगे भेजे थे। वे संत और कोई नहीं थे, बल्कि चार वेद थे ,जिन्होंने पूरे वनवास के दौरान भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम की पदवी ग्रहण कराने में मदद की थी। कथा सुनने आये अभिभावकों से उन्होंने अपील की कि वह अपने बच्चों में ऐसे संस्कार डालें कि जब भी आप घर से बाहर जाएं, तो उनके बच्चे मंदिर में बैठे भगवान की पूजा अर्चना तथा उनका भोग लगाना ना भूलें। उन्होंने कहा कि संस्कारवान बच्चे ही माता–पिता की सबसे बड़ी दौलत होते हैं। श्याम नारायण जी महाराज ने संगम तीर्थ की चर्चा करते कहा कि जीवन में यदि एक बार भी संगम तट पर जाकर स्नान कर लिया जाता है, तो कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। यह राम कथा नगर में कई वर्षों बाद आयोजित हुई है। इस वजह से श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ रोजाना जुट रही है। कथा का समापन 6 अगस्त को भंडारे के साथ होगा। राम कथा दौरान मनोज गुप्ता, पप्पू गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार आदि कथा श्रवण करने पहुंचे। परीक्षित मथुरा प्रसाद गुप्ता, उनकी पत्नी राममूर्ति गुप्ता, पुत्र मुकेश कुमार गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, गोपाल गुप्ता, वैभव गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता, शिवांश गुप्ता, माही गुप्ता, राघव गुप्ता के अलावा लक्ष्मण दास शिवहरे, पूर्व चेयरमैन अमरनाथ गुप्ता, मनोज लाला, गोपी आड़तियां, मुकेश कुमार झा, अशोक गुप्ता, निर्मला गुप्ता, प्रदीप शिवहरे, नीलम शिवहरे, सुभाष गुप्ता, सुमन गुप्ता, ओम गुप्ता ,नेहा गुप्ता, सोनू गुप्ता, स्वीटी गुप्ताआदि व्यवस्था में संलग्न थे ।

## मैनपुरी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने पैरोकार व कोर्ट मोहर्ररों की ली मीटिंग




**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी ।** मैनपुरी 4 अगस्तपुलिस अधीक्षक मैनपुरी विनोद कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा मैनपुरी पुलिस लाइन के सभागार मे मानीटरिंग सेल व जनपद के सभी थानों के पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिरों के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में अभियोजन सम्बंधित कार्यों व मा0 न्यायालय में प्रचलित अभियोगों में प्रभावी पैरवी करने हेतु सभी उपस्थित पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिरों को शासन की मंशा के अनुसार अपराधियों को प्रभावी पैरवी के द्वारा कड़ी सजा दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने के लिये निर्देशित किया गया इस मौके पर पुलिस लाइन सभागार में काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे

## ट्रक का चेसिस दो मकानों में घुसा दोनों मकान ध्वस्त ड्राइवर घायल जन हानि होने से बची



**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 3 अगस्त जनपद के कुसमरा रोड पर नगला कड्डी में रात्रि लग भग 12बजे 5 ट्रक के चेसिस कुसमरा से आ रहे थे एक ट्रक चेसिस नगला कड्डी में दो मकान तोड़ते हुए गली में निकल गया जिससे दोनों मकान ध्वस्त हो गए धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रक चेसिस में फंसे घायल ड्राइवर को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है गनीमत यह रही कि मकान के अंदर कोई सो नहीं रहा था नहीं तो जनहानि हो जाती रात में दोनों ग्रह स्वामी बाहर सो रहे थे मकान टूटने से काफी लंबा नुकसान हुआ है दोनों मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं

## हरचन्दपुर कृपालपुर रोड बदहाल,लोगों का आना जाना हुआ दुश्

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव मातम संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 4 अगस्तअगस्त जनपद केकिशनी।क्षेत्र के ग्रामीण आंचलों की सडकें बदहाल हैं। लोग समय समय पर टूटी फूटी सडकों की मरम्मत के लिये आबाजें भी उठाते रहे हैं यह बात दीगर है कि उनकी आबाज को हर बार की तरह अनसुना कर दिया जाता है। क्षेत्र के हजारों गांवों में आने जाने के लिये ग्रामीण आंचलों में सडकों जाल बिछा हुआ है। अक्सर सडकों का निर्माण चुनाव के समय वोट लेने के लिये किया जाता है। पर सरकार बन जाने के बाद पांच सालों तक कोई भी जनप्रतिनिधि अथवा सरकार का नुमाइन्दा इन सडकों की ओर पलट कर भी नहीं देखता है। परिणामत: चुनाव के समय बनाई गई सडकें कुछ ही समय के बाद खड्डों में तब्दील हो जातीं हैं और गांव के लोग परेशान होते रहते हैं। यही हाल गांव हरचन्दपुर से कृपालपुर जाने बाली सडक का है। बता दें कि इस सडक से गांव हरचन्दपुर,बेरीहार,सायपुर तथा कृपालपुर के ग्रामीण आते जाते हैं। यह सडक गांव हरचन्दपुर में ही बुरी तरह से उखड चुकी है। खड्डों में पानी भर जाने से लोगों का आनाजाना मुश्किल हो चुका है। पैदल राहगीर तथा बाइक व साइकिल सवारों को आनेजाने में भारी परेशानी हो रही है। पर सरकार के नुमाइन्दे मौन हैं। क्षेत्रीय लोगों ने सडक की मरम्मत कराने की मांग की है।

## थाना पुलिस ने एक बारंटी किया गिरफ्तार गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश नगर।** मैनपुरी 4 अगस्त जनपद केपुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे शत-प्रतिशत वांछित बारंटीयों की गिरफ्तारी व संदिग्ध वाहन संबंधी चेकिंग के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी कुरावली विजयपाल सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में घिरोर थाना प्रभारी भोलूसिंह भाटी उपनिरीक्षक सुग्रीव सिंह मैं हमरान के साथ वारंटी खुचेड सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी घुरेता थाना घिरोर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया खुचेंड सिंह के खिलाफ न्यायालय कोर्ट बारंट जारी कर चुका था धारा 406 के एक मुकदमे में बांक्षित चल रहा थाण

## आठ माह बाद मामला दर्ज

बकेवर, इटावा! न्यायालय के आदेश पर साढे आठ माह बाद बकेवर थाने में ग्राम मेंहदीपुर की एक महिला के पति को गाँव के ही दो भाईयों द्वारा जबरिया मजदूरी कराने व रुपए न देने का पत्नी द्वारा बिरोध करने पर उसे अर्द्ध नग्न करके मारपीट करने व जातिसूचक गालियां देने का मुकदमा दर्ज किया गया। इस सम्बंध में ग्राम मेंहदीपुर निवासी पूजा पत्नी इन्द्रजीत ने बताया कि उसके पति इन्द्रजीत से गाँव के ही दो भाई घंटीपाल व शिवपाल पुत्रगण निकशन पाल द्वारा जबरिया मजदूरी कराकर कोई रुपए नहीं दिये जाते थे इसका जब मेरे द्वारा बिरोध किया व उनकी बेगारी करने नहीं गये तो विगत 19 दिसम्बर 2022 की शाम करीब 4 बजे उपरोक्त दोनों भाईयों के द्वारा घर में घुसकर मुझे अर्धनग्न करके मारपीट की जब मेरी चीख पुकार पर मेरे पति इन्द्रजीत व जिठानी बचाने दौडी तो उनको भी इन लोगों ने पीटा तो पति के भी चोटें आई जिसका मैंने डाक्टरी परीक्षण कराया व बकेवर थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया इसके बाद मेरे द्वारा 20 दिसंबर को एस एस पी को तहरीर दी जब भी मामला आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा नहीं लिखा गया तो न्यायालय की शरण ली तब मुकदमा दर्ज करने के निर्देश बकेवर पुलिस को दिये गये।

# हाइवे के किनारे घरों के सामने भरा पानी,घरों से निकलना हुआ बंद

### एसडीएम ने हाइवे अधिकारी से की बात,निर्माण में तेजी को कहा

### बरसात से हाइवे भी हो रहा जगह जगह जर्जर,वाहन चालक हो रहे चोटिल,

जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव महादेव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 4 अगस्त जनपद केकिशनी ।नगर में बारिश के बाद हाइवे के किनारे बने घरों के सामने पानी भर गया जिस कारण लोग घरों से निकल नही पा रहे है परेशान लोगों ने गुरुवार को एसडीएम राम नारायण को समस्या से अवगत कराया और कहा की हाइवे के निर्माण कर रहे लोगों की मनमानी से हम लोग भारी मुसीबत में फंस गए है। एसडीएम राम नारायण ने भी हाइवे के अधिकारियों से बात कर जल्द समस्या से लोगों को निजात दिलाने की बात कही है ।गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से हो रही झमाझम बारिश से जहां किसानों की फसल को नुकसान हुआ है ।वहीं दूसरी तरफ बारिश से नगर से निकल रहा 92 नेशनल हाइवे जगह जगह जर्जर हो गया,हाइवे पर हुए गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालक चोटिल हो रहे है ।आवागमन करने बाले लोंगो को परेशानी हो रही है,सर्वाधिक परेशानी ब्लाक कार्यालय से शुरू होकर तहसील परिसर के सामने से लेकर पूरे नगर से होते हुए जटपुरा चौराहे तक बनी हुई है ग्राम हिम्मतपुर की पुलिया के पास बने मकानों का तो पानी के कारण आवागमन ही बंद हो गया है और पानी से लोगों को बड़ी मुशीबत का सामना दो पहिया वाहन स्वामियों को करनी पड़ रही



है,हालांकि नेशनल हाइवे को चौड़ा करने के लिए निर्माण किया जा रहा है पर स्थानीय लोंगो का कहना है कि कार्य मे धीमी गति के कारण हाल बेहाल है और ये कार्य तो इटावा से लेकर वेवर तक किया जाना है,इसलिए कार्य कर रही संस्था को कम से कम नगर में कार्य को पहले कर देना चाहिए,हर रोज लोग तहसील,ब्लाक,सीएचसी,थाना,रोड बेज बस स्टेंड,पोस्ट ऑफिस आदि पर आते जाते है साथ ही स्कूली बच्चे भी साइकल और स्कूटी से आ रहे है जर्जर हाइवे पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो जाते है,हाइवे निर्माण में दोनो तरफ बड़ी बड़ी नाले जेसी दिबाले खड़ी कर दी गई उनसे भी लोग परेशान है ।मार्ग पर रात दिन आबागमन चलता रहता है,लोगों का कहना है हाइवे का निर्माण करा रहे जिम्मेदार लोग भी पूछने पर सही जबाब नही देते है,परेशान नगर के निवासी सत्यपाल सिंह,रनवीर यादव, विनोद गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मुनीन्द्र सिंह, डाक्टर केके यादव, शेलेन्द्र यादव,उम्मेद यादव, दिनेश शर्मा, सुरेंद्र यादव,नीरज पांडे,विपिन शर्मा, मधुबन चौहान, सीबू यादव,बिल्लू यादव,मुकेश यादव, आदि ने जर्जर हाइवे पर निर्माण कराने की मांग जिलाधिकारी से कर हाइवे पर चल रहे निर्माण को तेजी से कराने की मांग की है।

## अखिल भारतीय व्यापार महासंगठन का कार्यक्रम आयोजित , पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**अजीतमल।** बाबरपुर अजीतमल कस्बे में अखिल भारतीय व्यापार महासंघ के बैनर तले व्यापारियों का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी अजीतमल संध्या शर्मा और नगरपालिका चेयरमैन औरैया अनूप गुप्ता मौजूद रहे। कस्बे के अमावता रोड स्थित सतगुरु गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय व्यापारी महासंगठन अजीतमल बाबरपुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया ।अशर्फी लाल राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी अजीतमल संध्या शर्मा, नगर पालिका परिषद औरैया के चेयरमैन अनूप गुप्ता का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया इस दौरान उपजिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा की व्यापारियों की समस्याओं का हर संभव निस्तारण का प्रयास किया जाएगा, छोटे व्यापारी सरकारी योजनाओं का लाभ ले ।वही नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा उनका संगठन व्यापारियों के हित के लिए 24 घंटे तैयार है, बैठक में अखिल भारतीय व्यापारी महासंगठन के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता सभी का आभार व्यक्त करते हुए नई कमेटी की घोषणा की। जिसमे नीतू उपाध्याय को महिला सभा का जिला महामंत्री नियुक्त कर अवनीश दुबे नगर अध्यक्ष बाबरपुर ,धर्मेंद्र सिंह सेंगर कोषाध्यक्ष ,अभिषेक गुप्ता नगर महामंत्री, हिमांशु गुप्ता नगर संगठन मंत्री ,पुष्पेंद्र सिंह नगर संगठन मंत्री ,सुनील कुमार ओझा नगर संगठन मंत्री ,अमित कुमार कठेरिया नगर मंत्री ,गौरव सिंह को जिला मीडिया प्रभारी ,राम जी पोरवाल विधानसभा मीडिया प्रभारी, अभिषेक गुप्ता नगर मंत्री ,दीपेश पोरवाल नगर मंत्री ,जितेंद्र सिंह नगर संगठन मंत्री ,शिवकांत राजपूत नगर मंत्री ,बृजेश गुप्ता नगर मंत्री, बृजेश सक्सेना नगर मंत्री, महावीर प्रसाद नगर प्रमुख उपाध्यक्ष, सेलू जैन नगर उपाध्यक्ष ,मोहम्मद आरिफ नगर उपाध्यक्ष ,अश्वनी नगर उपाध्यक्ष, शिवकांत दीक्षित नगर उपाध्यक्ष ,प्रशांत कुमार नगर संयोजक नियुक्त किया गया है तथा संजीत पाल को भीखे पुर का अध्यक्ष तथा विकास गुप्ता नगर महामंत्री अनुज तिवारी नगर कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# ऊसराहार पुलिस ने पंद्रह लोगो को गिरफ्तार कर शांति भंग की कारवाई की




ऊसराहार, इटावा! ऊसराहार मे अलग अलग लोगो के बीच हुए विवाद मे थाना पुलिस ने पंद्रह लोगो को गिरफ्तार कर शांति भंग की कारवाई की है! गुरुवार को ऊसराहार थाना क्षेत्र में कई जगह लोगो के बीच विवाद हो गया थाना क्षेत्र के समथर गांव मे मकान मे ताला लगाने को लेकर विवाद हो गया तो दूसरी जगह वायक को लेकर आपस मे दो पक्ष लड गए पुलिस ने सभी मामलो मे मौके पर पहुचकर 15 लोगो को गिरफ्तार किया है सभी के विरूद्ध 151 की कारवाई कर उन्हे उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र के न्यायलय मे भेजा है प्रभारी थानाध्यक्ष गीतम सिंह ने बताया जिन लोगो पर शांतिभंग की कारवाई की है उनमे मिथलेश कुमार पुत्र छोटे लाल उम्र करीब 35 वर्ष शैलेश कुमार पुत्र छोटे लाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासीगण बछरोई थाना ऊसराहार जनपद इटावा .शिवम पुत्र सन्जू हविलिया उम्र करीब 20 वर्ष .सुगन्धित पुत्र सन्जू उम्र करीब 19 वर्ष अवनीश पुत्र हवलदार उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण हविलिया थाना ऊसराहार जनपद इटावा सलीम पुत्र जरीव खां उम्र करीब 24 वर्ष जीमान पुत्र मुन्ने खां उम्र 25 वर्ष निवासीगण समथर थाना ऊसराहार इटावा अजय पुत्र जलसिंह निवासी खरगुआ थाना ऊसराहार इटावा उम्र 31 वर्ष सुमित पुत्र चतरपाल सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी खरगुआ थाना ऊसराहार इटावा सुनील पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी रम्पुरा कौआ थाना ऊसराहार उम्र 19 वर्ष समाकान्त पुत्र अमन कुमार निवासी नगरिया थाना ऊसराहार इटावा .महेश चन्द पुत्र नेक राम निवासी विशुनपुरा उम्र करीब 52 वर्ष थाना ऊसराहार जनपद इटावा .विक्रम सिंह पुत्र अवधेश उम्र 24 वर्ष .हुकम सिंह पुत्र राम सिंह उम्र 35 वर्ष .अनिल पुत्र शिवचरन सिंह निवासीगण कुइता सरैया थाना ऊसराहार जनपद इटावा के विरूद्ध कारवाई की गई है!

# सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक




इटावा! सांसद रामशंकर कठेरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में माननीय सांसद जी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना एवं फसल ऋण योजना तथा अन्य संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बैंक की स्थिति बहुत ही खराब पाई जा रही है, जिसके कारण आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं महत्वपूर्ण है उसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि मीटिंग में संबंधित अधिकारी उत्तर के साथ ही उपस्थित होंगे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की जो भी 50त्न से अधिक का कार्य नहीं कर पा रहा है ऐसी स्थिति में उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगली बैठक में डाटा बैंक बार बनवाना सुनिश्चित करें ।उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया कि जिन बैंकों का कम प्रतिशत है उनसे लिखित में जवाब लिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्य दिसम्बर तक पूर्ण कर लिए जाएं एवं कोई भी प्रकरण लम्बित न रहने पाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में समस्त डाटा के साथ उपस्थित हो अन्यथा कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा माननीय सांसद जी का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ,अग्रणी जिला प्रबंधक ,उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, सहित समस्त बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।

# गोमती व फरक्का एक्सप्रेस के भरथना रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ

**इटावा/भरथना** गोमती व फरक्का एक्सप्रेस के भरथना रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने के उपलक्ष्य में परिसर में आयोजित अभिनन्दन समारोह में सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि भरथना मेरा गांव व कस्बा है,मेरी जन्मभूमि है ।इसके लिए अपने कर्तव्य निभाता रहूंगा,बस आपके आशीर्वाद की जरूरत है। बीते वर्षों पहले जब आगरा से सांसद था तब यहां के लोगो ने पैसेंजर ट्रेन के स्टॉपेज के लिए मांग रखी थी, पैसेंजर ट्रेन के बाद आगरा लखनऊ इण्टरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन को भरथना क्षेत्रवासियों के स्टॉपेज कराया ।उसके बाद फफूंद व इटावा रुकने वाली ट्रेनों का मार्ग विस्तार कराया है ।गोमती व फरक्का ट्रेन के रुकने से अयोध्या,बनारस,लखनऊ व दिल्ली आने जाने में सहूलियत होगी ।जल्द ही एक ओर ट्रेन का स्टॉपेज होगा। सपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भरथना क्षेत्र विकास से पिछड़ा रहा है ।सपा सरकार में विकास से दूर रहा है। सिर्फ सैफई का विकास हुआ है ।जबकि सैफई से भरथना कस्बा बड़ा है जिसके बाबजूद भरथना क्षेत्र का विकास नही किया गया। अब भाजपा सरकार में इटावा-भरथना के बीच मुख्य मार्ग चौड़ा किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है।

आल टीचर्स/इम्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा),पुरानी पेंशन बचाओ मंच इटावा के जिलाध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण की समाप्ति के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान रेल अधिकारी अमित सुदर्शन आदि के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत,जिला उपाध्यक्ष दीपकनाथ चौधरी,गोपाल मोहन



शर्मा,शिवाकांत चौधरी,सांसद प्रतिनिधि श्रीभगवान पोरवाल, हरिओम दुबे,पंकज दुबे,देवाशीष चौहान,मंडल अध्यक्ष अनूप जाटव,राजेश तिवारी आदि समेत कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे। समारोह के उपरांत लड्डुओं का वितरण किया गया।

## आर्थो प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सीएमओ ने किया

इटावा! सैफई ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने जिला स्तर पर मरीजों में चोटों और मौतों को रोकने के लिए श्वड्डष्ड्ढ ह्लह्श ञ्जह्डड्ढठ्ठ ह्लह्श स्ड्ड1द्द ह्लह्श ठीम के तहत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में दिनांक 2 अगस्त को किया गया, जिसे वहां पर मौजूद संस्थान के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने बड़ी ही गंभीरता से समझा और विशेषज्ञों के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अद्भुत महत्वपूर्ण फर्स्ट एड मेडिकल प्रशिक्षण कार्यशाला के अन्तर्गत किसी भी सामान्य व्यक्ति को प्रशिक्षित करने के साथ असमय दुर्घटना में आने वाली चोटों के घातक परिणामों से आम जनता को बचाने के लिए हर एक व्यक्ति को प्रशिक्षित करने का संकल्प भी लिया गया । सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में आयोजित हुई इस विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीता राम ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। डॉ विकास यादव,चेयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा ने कार्यशाला में पधारे सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और कार्यशाला में पधारने के लिए विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सीएमओ इटावा डॉ गीता राम अपने उद्बोधन में कहा कि,भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली चोटों और मौतों को रोकने के प्रयासों के तहत जीवन रक्षा का यह एक प्राथमिक प्रक्षिशण है। उन्होंने इस तरह के आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए स्वास्थ्यप्रद आहार और भोजन के महत्व पर भी बल दिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ, चिकित्सकों सहित चिकित्सा के पेशेवरों ने भी चोटों के घातक परिणामों के बारे में जागरूकता के साथ छात्र छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का सरल प्रक्षिशण भी दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञके डॉ. आर एस यादव ने कहा कि,भारत में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटना की गम्भीर चोटों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने जन जन को सशक्त बनाने का आवाह्न किया । कार्यशाला में सैफई आर्थोपेडिक एसोसिएशन के अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ एम एस पाल, डॉ एस सी चतुर्वेदी, डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ ईश्वर, डॉ सौरभ यादव,वरिष्ठ रेजिडेंट, यूपीएमएस सैफई एवं डॉ अरविंद यादव सहित जूनियर रेजिडेंट,यूपीएमएस सैफई के साथ डॉ विकास यादव,चेयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा, डॉ उमाशंकर शर्मा डायरेक्टर,सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस इटावा,शशि शेखर त्रिपाठी, डायरेक्टर सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, विद्यारानी, प्रिंसिपल सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल,मुकेश पाठक,एडमिनिस्ट्रेटर मदन हॉस्पिटल, डॉ रेहनुद्दीन,एसोसिएट प्रोफेसर ने भी सहभागिता की ।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी ,महामंत्री श्री कृष्ण निराला को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई

**इटावा/भरथना।** भरथना तहसील में ग्रामीण न्यालालय स्थापना को विधान सभा मे मुद्दा उठाएंगे,अधिवक्ता सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ।यह बात दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव ने बार एसोसिएशन भरथना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने शपथ ग्रहण समारोह में कही। शुक्रवार को बार एसोसिएशन भरथना के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, विशिष्ठ अतिथि भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम,पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव,डीबीए के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गौर,पूर्व महामंत्री देवेंद्र पाल आदि मौजूदगी में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष केके गुप्ता,सदस्य शुभाष चंद्र यादव, राघवेंद्र श्रीवास्तव,रामपाल सिंह राठौर,सुरेश चंद्र यादव आदि द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष



महावीर सिंह चौधरी, महामंत्री श्री कृष्ण निराला व कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी,उपाध्यक्ष ब्रजेश चन्द्र अवस्थी,मंत्री रूपेंद्र कुमार, वरिष्ठ सदस्य रामस्वरूप,श्रीप्रकाश पोरवाल,श्यामल सिंह,हरिश्चंद्र पांडेय,अनिल कुमार,प्रदीप तिवारी व कनिष्ठ सदस्य सुरेंद्र कुमार आदि पदाधिकारियो को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य अतिथि प्रदीप यादव समेत विशिष्ठ अतिथिगणों द्वारा नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन पदाधिकारियो को बधाई दी गई। समारोह के दौरान सुरेश यादव,रामकुमार यादव रम्मू,आदित्य श्रीवास्तव,हरिश्चंद्र पांडेय,सत्यप्रकाश यादव राजा, उपेंद्र चौहान,सुधीर यादव, अशोक श्रीवास्तव,संजीव शंखवार, आदित्य श्रीवास्तव, सुदामा लाल दोहरे,मान सिंह,राजेन्द्र गुप्ता व सुबोध यादव, प्रताप यादव आदि की मौजूदगी रही ।समारोह का संचालन सुलह अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने किया।

## फफूंद राजवाह पर बने अवैध कुलावे तुड़वाए दोबारा कुलावा बनाए तो होगी एफ आई आर

**माधव संदेश/आकाश**

फफूंद औरैया (ब्यूरो)। क्षेत्र में फफूंद सिंचाई विभाग और जल उपभोक्ता समिति ने राजवाह पर अवैध कुलावा रखकर चोरी छिपे सिंचाई का पानी ले रहे किसानों के अवैध कुलावो को तोड़ने का अभियान चलाया।जिसमे राजवाहा पर बने तीस अवैध कुलावों को तोड़ा गया और आइंदा बनाने पर एफ आई आर दर्ज कराने की चेतावनी दी गई। गुरुवार दोपहर रजवाह फफूंद के अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्र,सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश चंद्र अवर अभियंता हरिश्चंद्र और जल उपभोक्ता समिति के सदस्य किसान घसारा से निकले फफूंद रजवाह पर पहुंचे और तुर्किपुर गांव तक बंबा की पटरी पर पैदल चलकर जगह जगह किसानों द्वारा रखे गए अवैध कुलावो की जानकारी की।इसके बाद रजवाह अध्यक्ष के निर्देश पर सिंचाई विभाग के कर्मियों ने कुलावोँ को तोड़कर बंद कर दिया।राजवाहा अध्यक्ष ने बताया की क्षेत्र में कई जगह पर किसानों ने रजवाह किनारे पटरी और सड़क के नीचे से पाइप डालकर अवैध कुलावा बना लिए थे और पानी चोरी करके फसलों की सिंचाई करते थे जिससे आगे के किसानों को पानी मिलने में दिक्कत हो रही थी।किसानों की शिकायत पर पूरे राजवाह का निरीक्षण किया गया और अवैध कुलावों को तोड़ा गया बताया की आइंदा निरीक्षण के अवैध कुलावो को पाए जाने पर खेत मालिक के खिलाफ कैनाल एक्ट के तहत एफ आई आर कराई जाएगी।

## नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर बायोमेट्रिक आधार ऑथेन्टिकेशन की समय सारणी निर्धारित

**माधव संदेश ब्यूरो चीफजय सिंह यादव**

रायबरेलीए 4 अगस्त 2023। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन संचालित प्री.मैट्रिकए पोस्ट.मैट्रिक तथा मेरिट.कम.मीन्स एवं बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2022.23 के समस्त प्रकार की उक्त छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन करने वाले छात्रध्छात्राओं तथा संस्थाध्यक्ष ;प्रधानाचार्यद्ध एवं आई0एन0ओ0 ;इंस्टीट्यूट नोडल ऑफिसरद्ध का बायोमैट्रिक ऑथेन्टिकेशन कराया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन जिला प्रबंधक कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से कराया जायेगा। बायोमैट्रिक ऑथेन्टिकेशन तथा आवेदन पत्रों के सत्यापन के लिए समय सारणी निर्धारित की गई। निर्धारित समय सारणी के अनुसार डीएनओध्एसएनओ का सत्यापन 1 से 5 अगस्त 2023 तकए एचओआई ;संस्थाध्यक्षद्ध तथा आईएनओ का सत्यापन 1 से 10 अगस्त 2023 तकए छात्रध्छात्राओं का सत्यापन 05 से 20 अगस्त 2023 तकए डीएनओ द्वारा छात्रध्छात्राओं के आवेदन पत्रों का सत्यापन 5 से 23 अगस्त 2023 तकए डीएनओ द्वारा छात्रध्छात्राओं के आवेदन पत्रों का सत्यापन 10 से 25 अगस्त 2023 तक किया जायेगा। छात्रध्छात्राएं विस्तृत जानकारी के लिए सम्बन्धित संस्था से सम्पर्क कर सकते हैं।

## श्री अन्न एक मूल्यवर्धित पौष्टिक पर ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय का आयोजन शुरू

**माधव संदेश/आकाश**

दिबियापुर,औरैया (ब्यूरो)। वर्तमान सत्र 2023 में विज्ञान संगोष्ठी विषयक 卐 श्री अन्न एक मूल्यवर्धित पौष्टिक अथवा भ्रान्ति आहार का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय आयोजन शुक्रवार को नगर के वैदिक इंटर कालेज में शुरू हुआ जिसमे कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों ने अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने वैज्ञानिक चिंतन तथा अनुसन्धान की प्रवृत्ति जाग्रत करने के उद्देश्य से अपना भाषण प्रस्तुत किया। वैदिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा संतोष कुमार शुक्ला (गोष्ठी के नोडल अधिकारी) ने बताया कि शुक्रवार को पहले दिन ब्लाक के 5 विघालयो के बच्चो ने भाग लिया । वही बताया कि जनपद स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता बच्चे को मण्डल स्तर के विज्ञान संगोष्ठी में शामिल किया जाएगा। उन्होंने भाग्यनगर ब्लाक के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचायों से अपील की कि अपने अपने विद्यालय से उक्त विषय पर छात्र / छात्राओं को विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करते हुए संगोष्ठी सफल बनाएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा संतोष कुमार शुक्ला,मोहित सिंह, डा अजय,विवेक कुमार,प्रदीप कुमार आदि शिक्षक रहे।

## दवा का सेवन ही फाइलेरिया से बचने का एकमात्र उपाय

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**

रायबरेली, 4 अगस्त 2023 मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह ने बताया है कि सरकार की मंशा है कि जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छर काटने के 10 से 15 वर्षों बाद इसके लक्षण दिखाई देते हैं। जिसके अंतर्गत हाथ, पैर, स्तन या अंडकोष में सूजन, पेशाब में सफेद रंग के द्रव का स्राव, लंबे समय तक सूखी खांसी आना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। इस बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय फाइलेरिया रोधी औषधि का सेवन करना है। जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 अगस्त से 28 अक्टूबर 2023 तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें औषधि उपचार घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराएंगे। उन्होंने अपील की है सभी जनपद वासी इसमें सहयोग करें और जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए फाइलेरिया दवा का सेवन अवश्य करें।

## अज्ञात ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

**माधव संदेश/आकाश**

दिबियापुर, औरैया (ब्यूरो)। फफूंद रेलवे स्टेशन के जीआरपी चौंकी प्रभारी जय किशोर गौतम ने बताया कि शुक्रवार को स्टेशन मास्टर फफूंद से मेमो प्राप्त हुआ कि रेलवे स्टेशन फफूंद पर पोल नंबर 1100/ 14 -20 के मध्य एक व्यक्ति का एमआरओ हो गया है प्राप्त सूचना पर मै मय हमराह फोर्स मुख्य आरक्षी राजवीर सिंह व आरक्षी दिलीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे तो रेलवे स्टेशन फफूंद के प्लेटफार्म नंबर 2 के पास लाइन नंबर 2 के किनारे एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत हालत में पढ़ा था जिसके शर्ट की तलाशी ली गई तो शर्ट की जेव से सर्वेश कुमार पुत्र झब्बू लाल निवासी ग्राम पुरवा फतेह सिंह थाना सहायल जनपद औरैया का आधार कार्ड प्राप्त हुआ प्राप्त आधार कार्ड से मेरे द्वारा परिजनों को सूचना दी गई कुछ समय बाद परिजन मौके पर उपस्थित हुए। और शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी औरैया भेज दिया गया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस तहसील बिधूना में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज

**माधव संदेश/आकाश**

**औरैया (ब्यूरो)। शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त को जनपद के तहसील बिधूना में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील बिधूना में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में ससमय से पहुंचे।**

# गरीब आदमी की थाली के साथ साथ दुकानदार की दुकान से भी गायब हुआ टमाटर

### आसमान छूते दाम से टमाटर की बिक्री हुई प्रभावित

### हरी पत्ती पर भी चढ़ा मंहगाई का रंग



**माधव संदेश/आकाश**

फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। मंहगाई आसमान छूती जा रही है। साग सब्जी से लेकर अन्य खाद्य पदार्थ के दामों में आई बढ़ोत्तरी गरीबों की कमर तोड़ रही है। टमाटर व हरी पत्ती गरीबों की पहुँच से बाहर होती जा रही है। बता दें कि कस्बा समेत आसपास की सब्जी बाजार में टमाटर 200 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। हालांकि कोई इसे लेना पसंद नही कर रहा है। बेतहाशा वृद्धि से टमाटर गरीबों की थाली से दूर होने के साथ साथ अब बड़े छोटे सब्जी विक्रेताओं ने भी टमाटर बेचना ही बंद कर दिए। टमाटर पर मंहगाई को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नही है। दुकानदारों का कहना है कि टमाटर बाहर से आ रहा है। स्थानीय स्तर पर टमाटर की पैदावार कम है। वहीं हरी पत्ती 3 सौ रुपये किलो में बेची जा रहा है। फूल गोभी भी सौ रुपये किलो की दर से बेचा जा रहा है। अन्य सब्जी के दाम भी आसमान छू रहे है। कहा जा रहा है कि टमाटर मध्य प्रदेश, बैंगलोर से आ रहा है। सब्जी के थोक व फुटकर विक्रेता शाहबुद्दीन राईन ने बताया कि टमाटर की एक क्रेट का रेट 4000 हजार से भी ऊपर हो गया है इसलिए अब कई दुकानदारों ने बेचना ही बंद कर दिया। फुटकर विक्रेता दिलशाद खान ने कहा सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं,बिक्री बहुत ही कम हो रही है।

## 30 सितम्बर तक ऑनलाइन फार्म जमा करे

**माधव संदेश/आकाश** औरैया (ब्यूरो)। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी बाल गोविन्द तिवारी ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं माटीकला कौशल विकास योजना से संबंधित व्यवसायिक लाभार्थियों के ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। लाभार्थी की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो। योजना में लाभार्थी को कक्षा 8 पास होना अनिवार्य है। ऋण लेने के पूर्व लाभार्थी को प्रशिक्षित होना चाहिए। वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा उद्यमियों को इकाई की स्थापना बैंक वित्त पोषण के माध्यम से कराया जाना है। प्रस्तावित योजना हेतु आवेदन पत्र ऑफलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनोपरान्त नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए जाएंगे। इच्छुक लाभार्थी आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त कर 30 सितम्बर 2023 तक निर्धारित समय के अंतर्गत जमा कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, इंदिरा नगर, नीलकंठ हाउस दिबियापुर औरैया- कार्यालय कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

## बायोमैट्रिक कराने के उपरान्त ही छात्रवृत्ति छात्र/छात्राओं के खातों में हस्तांतरित की जायेगी

**माधव संदेश/आकाश**

**औरैया ( ब्यूरो )। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं में छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्थानों में किये गये आनलाइन आवेदनों को सी0एस0सी0 के माध्यम से बायोमैट्रिक कराने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। उक्त के क्रम में शिक्षण संस्थाओं के छात्र/छात्राओं के बायोमैट्रिक कराने के उपरान्त ही वित्तीय वर्ष 2022-23 की छात्रवृत्ति छात्र/छात्राओं के खातों में हस्तांतरित की जायेगी।**

## सात से 12 अगस्त तक चलेगा सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का पहला चरण



**माधव संदेश ब्यूरो /चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली, 04 अगस्त 2023 जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा है कि जनपद में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान (आईएमआई) 5.0 तीन चरणों में चलाया जाएगा। इसका पहला चरण 7 से 12 अगस्त तक, दूसरा 11 सितंबर से 16 सितंबर तक और तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बैठक कर बताया कि आईएमआई 5.0 अभियान का उद्देश्य शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चे और गर्भवती, जो किन्हीं कारणों से नियमित टीकाकरण से छूट जाते हैं उन्हें टीका लगाया जाता है। इस अभियान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। माइक्रो प्लान तैयार हो गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने बताया जनपद शून्य से पांच साल तक की आयु के कुल 3,16,220 बच्चे हैं जिसमें डिप्थीरिया, परट्यूसिस, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी एवं इन्लुै6एंजा टाइप बी (पेंटा-1) टीके के ड्यू बच्चों की संख्या 2815, पेंटा -2 टीके के ड्यू बच्चों की 2362 एवं पेंटा - 3 टीके के ड्यू बच्चों की संख्या 2495 हैं। इसके साथ ही मीजल्स एवं रूबेला (एमआर) की पहली डोज से छूटे हुए बच्चों को संख्या 2900 और दूसरी डोज से छूटे हुए बच्चों की संख्या 2530 है। इसके अलावा टिटेनस एवं व्यस्क डिप्थीरिया (टीडी) के टीके की ड्यू गर्भवती की संख्या 3376 है। जनपद में 2735 आशा कार्यकर्ता और 379 एएनएम के माध्यम से यह अभियान चलाया जाएगा।

टीकाकरण 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है - पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी, गलघोंटू, खसरा, टीबी, हेपेटाइटिस बी, जापानी इंसेफेलाइटिस, निमोनिया, डायरिया, रूबेला और टिटनेस से बचाव के लिए 11 टीके लगाए जाते हैं।

इस मौके पर एसीएमओ डॉ राधाकृष्णन जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, अंजली सिंह, वंदना त्रिपाठी डीएमसी यूनिसेफ, सहाना अमीर बीएमसी यूनिसेफ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# साइबर सेल रायबरेली द्वारा ऑनलाइन ठगी के 5,13,223/- रुपये खाते में वापस कराये गये

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली शिकायतकर्तागण मो0 अयूब पुत्र मो0 सफीक निवासी स्वराजनगर कालोनी थाना कोतवाली नगर (4,01,000 रूपये), 2.नेहा निवासी 224 खाली सहाट साह टोला थाना कोतवाली नगर( 66,223/- रूपये) ,3. मो0 सैय्यदैन निवासी कच्ची मस्जिद थाना सलोन रायबरेली (46,000/- रूपये) द्वारा जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके खातों से रुपये निकाल लिये गये है । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के आधार पर साइबर सेल रायबरेली को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में प्रभारी साइबर सेल श्री आशीष कुमार के नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा सम्बंधित बैंक से सम्पर्क करके तत्परतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही करते हुये उपरोक्त शिकायतकर्ताओं के खाते में 5.13.223/- रुपये वापस कराये गये है ।



### *बरामद करने वाली पुलिस टीम-*

1. उप-निरीक्षक श्री आशीष कुमार प्रभारी साइबर सेल रायबरेली।
2. महिला आरक्षी पूजा यादव साइबर सेल रायबरेली।
3. महिला आरक्षी रश्मि सिंह साइबर सेल रायबरेली।
4. आरक्षी श्री अभिषेक साइबर सेल रायबरेली।
5. आरक्षी श्री कुलवीर साइबर सेल रायबरेली।
6. आरक्षी श्री रामजग यादव साइबर सेल रायबरेली।

रायबरेली पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की जाती है कि अपने खाते से सम्बंधित या अन्य ओ.टी.पी./ पासवर्ड आदि व्यक्तिगत/गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा लुभावने ऑफर आदि को बिना जाँचे परखे किसी लिंक या अप्लीकेशन पर भुगतान न करें, यह ऑनलाइन धोखाधड़ी तरीका हो सकता है । आप स्वयं जागरुक रहे तथा अपने आस-पास के अधिक से अधिक लोगों में यह जानकारी साझा करें जिससे किसी भी व्यक्ति के साथ धोखाधडी न हो सके ।

## क्षेत्र में लगे टावरों पर सुरक्षा की दृष्टि से टावर भवन मालिक लगवायेंगे सीसीटीवी कैमरे थाना परिसर में थाना प्रभारी ने टावर भवन मालिकों के साथ की बैठ



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 4 अगस्तथाना क्षेत्र में लगे टावरों पर शासन की मंशा अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए शुक्रवार की शाम थाना प्रभारी कपिल कुमार वशिष्ठ ने थाना क्षेत्र के टावर भवन मालिकों के साथ बैठक की बैठक में उन्होंने कहा कि जिस कंपनी का टावर लगा हुआ है सभी बैठक में आए हुए टावर भवन मालिक कंपनी के टावर मालिकों से संपर्क करके या स्वयं अपने स्तर से सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक टावर पर दो दो कैमरे लगवाए जिससे क्षेत्र में अप्रिय घटना से बचा जा सके बैठक में क़स्बा बिछवां बिलो सुल्तानगंज सुन्नामाई तिसौली औरन्ध करीमगंज नगला पाल अंजनी जगतपुर फर्दपुर भनउ जस रऊ नारायन पुर कुबेरपुर सहित क्षेत्र के अन्य गांव से भी लोग बैठक में पहुंचे साथ ही टावरों पर कैमरा लगवाने के लिए अपनी सहमति जताई इस मौके पर उप निरीक्षक धर्म वीर सिंह सतेंद्र सिंह राकेश शर्मा राजू अटल चौहान अशोक कुमार सत्येंद्र सिंह अनवर हुसैन उदय प्रताप सिंह मोहन सिंह सचिन अमित वर्मा श्रीकांत पांडे श्री कृष्ण नाथूराम सहित क्षेत्र के कई अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल मे स्थापित आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र और रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जयसिंह यादव** रायबरेली 4 अगस्त। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल में स्थापित आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने केंद्र में उपस्थित मशीनों और मरीजों के लिए बनाए गए रजिस्टर का रखरखाव ठीक ना होने पर भी नाराजगी जताई। जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द केंद्र की साफ-सफाई कराई जाए और उपकरणों को ठीक कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि



केंद्र पर व्यवस्था ठीक नहीं कराई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए और लोगों को रात में ठहरने पर उनकी पूरी सुरक्षा की जाए। साथ ही बारिश के मौसम में लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान वहां पर नाली निर्माण और साफ-सफाई का कार्य कर रही कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य ठीक से न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए कहा कि अपना कार्य जल्द से जल्द पूरा कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव भी उपस्थित थीं।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए साल में जरूर करे एक बार दवा का सेवन- सीएमओ

इटावा! राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक होटल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वधान में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार)के सहयोग से एक दिवसीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ गीता राम ने सभी प्रतिभागियों को एमडीए अभियान को लेकर अपनी सहभागिता निभाने की शपथ दिलाई।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ गीता राम ने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए जनपद में भी तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत 10 अगस्त से जनपद के सभी ब्लॉक व नगरीय क्षेत्रों में एमडीए राउंडसंचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया (फीलपाँव या हाथीपाँव) वाहक मच्छर क्यूलेक्स के काटने के बाद इसके लक्षण पांच से 15 साल के बाद दिखाई देते हैं। इसलिए एक साल से ऊपर के सभी बच्चों, किशोर-किशोरियों, वयस्कों, वृद्धजनों को फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खानी चाहिए। यह दवा स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य कर्मी और आशा कार्यकर्ता यह दवा लोगों को अपने समक्ष खिलाएँगी। यह दवा खाली पेट नहीं खानी है!

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ श्रीनिवास ने कहा कि किसी भी संदेश को जनमानस तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से फाइलेरिया एमडीए कार्यक्रम को लेकर मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। इसके साथ ही सहयोगी संस्था पाथ, पीसीआई इंडिया, सीफार के प्रतिनिधियों ने भी फाइलेरिया मुक्त इटावा बनाने के लिए अपनी जन सहभागिता के रूप में प्रमुख भूमिका के संदर्भ में बताया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएल संजय, डीपीएम संदीप दीक्षित, बीसीपीएम प्रभात बाजपेई अन्य



स्वास्थ्य अधिकारी और सहयोगी संस्था पाथ, पीसीआई व जिला समन्वयक डा प्रीति पांडे सीफार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संसद भवन घेराव कार्यक्रम में जाने के लिए कर्मचारियों/शिक्षको को जागरूक किया

**माधव संदेश -संजय कुमार**

गोरखपुर– माध्यमिक शिक्षा परिषद के बोर्ड ऑफिस पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 10 अगस्त को होने वाले दिल्ली संसद भवन घेराव कार्यक्रम में जाने के लिए कर्मचारियों/शिक्षको को जागरूक किया गया और प्रदर्शन कर सरकार को कर्मचारियों ने ताकत दिखाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के मंडल अध्यक्ष गोविंद जी श्रीवास्तव और संचालन शिक्षा विभाग के अध्यक्ष कनिष्क गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपेश कुमार श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद कुमार राय मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विगत 20 वर्षों से हम पुरानी पेंशन के लिए गुहार लगा रहे हैं लेकिन हमारी सरकारें हमें हमारा हक देना नहीं चाहती है, इतिहास गवाह है कि जब मांगने से हमें हमारा हक ना मिले तो हमें अपने हक को छीनना पड़ता है। हम सभी अपने उसी हक को छीनने के लिए दिनांक 10 अगस्त को रामलीला मैदान में एकत्र हो संसद भवन का घेराव करने के लिए मार्च करेंगे और अपना हक अपनी सरकारों से छीन कर लाएंगे। विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार राय ने कहा की 1977 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार नसबंदी के कारण चली गई थी मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर यह सरकार पुरानी पेंशन वापस नहीं करते हैं तो मोदी सरकार का पेटबंदी के कारण जाना तय है। आप सभी हर हाल में 10 अगस्त को दिल्ली पहुंचीए और संघर्ष कर पुरानी पेंशन बहाल कराइए। वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे ने कहा अटल जी की भूल को मोदी जी सुधार कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करे। कार्यक्रम को श्याम नारायण शुक्ल कनिष्क गुप्ता मदन मुरारी शुक्ल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष गोविंद जी श्रीवास्तव आए हुए सभी कर्मचारियों का आभार ज्ञापित किया और कार्यक्रम समापन की घोषणा किए। इस अवसर पर वरुण वर्मा बैरागी, गोविंद जी, इंजीनियर रामसमुझ



शर्मा, राजेश सिंह, विनोद महामंत्री पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ, अशोक पांडेय, मदन मुरारी शुक्ल, श्याम नारायण शुक्ला, कनिष्क गुप्ता, शब्बीर अली, जामवंत पटेल, हृदेश्वर यादव तारकेश्वर शाही इंजीनियर रामकिसुन, इंजीनियर राजकुमार, इंजीनियर निधि त्रिपाठी, यशवीर श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, अनूप कुमार, प्रभु दयाल सिन्हा, इजहार अली,पृथ्वी नाथ गुप्ता, जयराम गुप्ता,बंटी श्रीवास्तव, रमेश भारती,राजकुमार, फुलई पासवान, राममिलन पासवान , दीपक चौधरी, अभय त्रिपाठी, देवेश सिंह अनिल सिंह,अभिषेक सिंह राहुल चौरसिया अंगद साहनी, गौतम यादव सतीश राय सुभाष चंद्र शर्मा प्रभात यादव प्रेम चंद दुर्गेश पाल संजय कुमार संजय कुमार चौहान शिव मूरत शिवचरण यादव, पद्माकर दुबे आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार बस्ती का किया आकस्मिक निरीक्षण

**संजय कुमार -माधव संदेश**



बस्ती –जिलाधिकारी बस्ती व पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा दिनांक–04.08.2023 को जिला कारागार बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जेल के बैरक, अस्पताल, मेस आदि का निरीक्षण कर कैदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया गया एवं मौजूद सभी जेल कर्मियों को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/ सही तरीके से करें 7 किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अवांछनीय तत्व न पाये जाने के सम्बन्ध में हिदायत दी गयी । निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक बस्ती व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें

## मुख्य अभियंता विद्युत बस्ती मंडल ने जनप्रतिनिधियों के समस्याओं को सुना

**संजय कुमार -माधव संदेश**



संतकबीरनगर –विधायक मेहदावल अनिल त्रिपाठी की पहल पर जनता को बिजली की समस्या से निजात मिल सके इस उद्देश्य से विद्युत विभाग के बस्ती मंडल के उच्चाधिकारी सहित जनपद के बिजली के अफसरों एवं नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ जिलाधिकारी की उपस्थिति में बैठक हुई। मुख्य अभियंता विद्युत बस्ती मंडल ने जनप्रतिनिधियों के समस्याओं को सुनें। विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा की विजली के अधिकारी जनता के प्रति आक्रोश की भावना न रहें सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। बैठक जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी , अध्यक्ष जगत जयसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि, अध्यक्ष प्रतिनिधि नुरुजमा अंसारी सहित विद्युत विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहें।

## 03 अभियुक्त ों को किया गया गिरफ्तार , कब्जे से 40.270 किग्रा अवैध गांजा बरामद

**संजय कुमार -माधव संदेश**



गोरखपुर – प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा थाना कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 शाहिद सिद्दीकी मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. झुन्नू राव पुत्र विनोद राव निवासी रूपाही ताड़ खैरा टोला थाना भितहा जनपद प0चंपारन बिहार उम्र 2. रमेश चौधरी पुत्र छोटे चौधरी निवासी खोतहवा थाना धनहा जनपद प0चंपारन बिहार 3. राहुल कुमार पुत्र श्री हरेन्द्र शाह निवासी वृत बड़हरा मुरडीह बाजार परसौना थाना भितहा जनपद प0चंपारन बिहार को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से 40.270 किलो ग्राम अवैध गाँजा बरामद हुआ । उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कैण्ट पर मु0अ0सं0 582/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्कस्, ष्ह्ल पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि उपरोक्त उड़ीसा राज्य में स्थित संभलपुर, झारगुड़ा के निवासी पाण्डेय दादा के खेत से अवैध गांजा पिट्ठू बैग व ट्राली बैग में भर कर बिहार स्थित मुरडीह बाजार परसौना में पिंटू के यहाँ बेचते है जहाँ से गांजे की सप्लाई बिहार के विभिन्न स्थानो व अन्य प्रदेशो में की जाती है।

## डायल 112, मनोरंजन हाल, कैंटीन, जिम्नेजियम हाल, मेस, बैटमिंटन हॉल का निरीक्षण किया गया

**संजय कुमार -माधव संदेश**



महाराजगंज –आज दिनांक 04.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महराजगंज डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई तथा आगे भी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने हेतु निर्देशित किया गया। बाद परेड पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया तथा मनोरंजन हाल, डायल 112, जिम्नेजियम हाल, बैडमिंटन हॉल,कैंटीन,टाइप 2 टाइप 3 आवासों की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिये गये पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा भोजन की गुणवत्ता की जांच हेतु स्वयं भोजन को चखकर/ग्रहण कर देखा गया।

# आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले गुमनाम नायकों को याद किया जायेगा कल



### -संस्कार भारती छह अगस्त को ांतितीर्थ के तहत मनाएंगी आजादी का अमृत महोत्सव

फिरोजाबाद। सुहागनगरी में छह अगस्त को एफएम वाटिका में क्रांतितीर्थ के तहत देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले गुमनाम नायकों को नमन करते हुए याद किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च ऑन डेवलपमेंट एंड चेंज (सीएआरडीसी) एवं संस्कार भारती परिवार द्वारा अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापिका डॉ अंकिता कुमार एवं विशिष्ट अतिथि झा क्लासेज के संस्थापक शिवशंकर एवं शिशु भारती स्कूल के हरिओम शर्मा आचार्य होंगे।

नई दिल्ली से आए सौरव दुबे ने होटल तुलसी में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि तेजी से भागती दुनिया और कठिन प्रतिस्पर्धात्मक दैनिक जीवन के युवाओं को हमारी समृद्ध विरासत और अतीत को याद करने को मुश्किल से ही समय मिलता है। यह सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है, जब राष्ट्र आजादी का 75 वॉ अमृत महोत्सव मना रहा है। आज के समय में हमें उन सभी नायकों की वीरता और योगदान को युवाओं को बताए। उन्होंने कहा कि सीएआरडीसी तथा संस्कार भारती परिवार द्वारा क्रांतितीर्थ श्रंखला का आयोजन नगर के एफएम वाटिका में होने जा रहा है। वार्ता के दौरान सह विभाग कार्यवाह विभाग कार्यवाह ब्रजेश, डॉ रमाशंकर सिंह, संस्कार भारती अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सेवा सदन, ओमप्रकाश वार्ष्णेय, शिवकांत पलिया, उद्देश्य तिवार, रमेश चंद्र बंसल, संजीव जैन विकी, कृष्णमुरारी अग्रवाल, रविंद्र बंसल, देवव्रत पांडे, डॉ प्रभास्कर राय, अनुग्रह गोपाल, मयंक सारस्वत, शंकर गुप्ता, बुजेश यादव, रंजीत सिंह, भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 12 करोड़ 20 लाख से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में होगा विद्युत का नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण



### -सदर विधायक ने टूंडला विधायक संग हवन-पूजन कर रखी निर्माण कार्य की नींव

फिरोजाबाद। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत व्यवस्थाओं के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 12 करोड़ 20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई। इस धनराशि के सापेक्ष विकास कार्यों का शुभारंभ हवन पूजन के साथ नगर विधायक मनीष असीजा ने कोटला रोड स्थित श्री राम कॉलौनी शिव वाटिका पर हवन–पूजन कर किया। इस अवसर पर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि आप सब लोगों के टैक्स के पैसे जो सरकार के पास जमा होते है। उसी में से 12 करोड 20 लाख की धनराशि विद्युत व्यवस्था के नवीनीकरण एवं सुद्रणीकरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा के द्वारा स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत खंभे, विद्युत ट्रांसफार्मर एवं अन्य कार्य कराए जाएंगे। जनता को 24 घंटे निर्बाध गति से विद्युत सप्लाई के लिए पहिले व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण होना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगधीश पाल सिंह व संचालन भगवानदास शंखवार ने किया। कार्यक्रम में विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, सुनील शर्मा, सत्यवीर गुप्ता, किशोर अग्रवाल, रवीन्द्र शर्मा, हरीओम वर्मा, रवींद्र सिंह परिहार, पार्षद मनोज ताऊ, अवधेश दिवाकर, रवि निगम, ड़ीपी सिंह राठौर, सुनील मिश्रा, मनोज शंखवार, सुनील वर्मा, सतेंद्र सविता, देवेंद्र राजपूत, प्रमोद राजौरिया, देशदीपक यादव, अजब सिंह संखवार, संतोष राठौर, कायम सिंह शंखवार, राधा संखवार, विशाल मोहन यादव, अमित गुप्ता, सतीश चंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# रेवती देवी इंटर कॉलेज में मनाया गया नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव

### -कार्य म में अतिथियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का संकल्प लेते हुए रेडटेप मूवमेंट कर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का दिया संदेश

फिरोजाबाद। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग एवं जनआधार कल्याण समिति के समन्वय द्वारा रेवती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग एवं सखी वन स्टॉप सेंटर सहित विद्यालय व संस्था सदस्यों ने धूमधाम से कन्या जन्मोत्सव मनाया और सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं व टोल फ्री नंबरों के साथ–साथ विधिक सेवाओं के विषय में विस्तार से बताया। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संकल्प लेते हुए रेडटेप मूवमेंट कर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी चिकित्साधिकारी रसुलपुर डॉ. प्रियंका पाण्डे, प्रधानाचार्या डॉ. सोनम सेठ, जनआधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा, चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने वृक्ष पर रेडटेप मूवमेंट कर किया। इसके बाद छात्रा प्रियंका ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्याक्रम में चार–चांद लगा दिए। महिला कल्याण अधिकारी अनम अकाशा ने सभी बालिकाओं का संवेदीकरण करते हुए उन्हें पोक्सो अधिनियम, गुड टच, बैड टच, जेंडर इनिक्वालिटी, कन्या भ्रूण हत्या, मॉलेस्टेशन, घरेलू हिंसा आदि विषयों पर जानकारी दी। साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं बाल सेवा योजना पर प्रकाश डाला और आवेदन करने हेतु जागरूक किया। नवजात बालिकाओं के साथ केक काटकर सेलीब्रेट किया। वहीं नवजात बेटियों की माताओं को



बेबी किट वितरण कर सम्मानित किया। छात्रा प्रभा एवं अल्फी को उन्के जन्मदिन पर उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया। सखी वन स्टॉप सेंटर की काउन्सलर व प्रभारी शिक्षा सारस्वत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। इस अवसर दौरान पराविधिक पंकज कुमार, मिथलेश कुमारी, भारती गुप्ता, पोर्शिया, रचना चौरासिया, आशीष शाक्य, पूनम वर्मा, रीना बघेल, रीना गुप्ता, तुलसी, प्रियंका भारद्वाज, अमृता यादव, शालिनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने शांतिभंग की आज तक की सबसे बड़ी कार्यवही 15 लोगो को किया गिरफ्तार



**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** उसराहार जनपद इटावा पर भी शांतिभंग की कार्यवही की गई है थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया आज दिनांक 04.08.2023 को अभियुक्तगण 1.मिथलेश कुमार पुत्र छोटे लाल उम्र करीब 35 वर्ष 2.शैलेश कुमार पुत्र छोटे लाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासीगण बछरोई थाना ऊसराहार जनपद इटावा 3.शिवम पुत्र सन्जू हविलिया उम्र करीब 20 वर्ष 4.सुगन्धित पुत्र सन्जू उम्र करीब 19 वर्ष 5.अवनीश पुत्र हवलदार उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण हविलिया थाना ऊसराहार जनपद इटावा 6.सलीम पुत्र जरीव खां उम्र करीब 24 वर्ष 7.जीमान पुत्र मुन्ने खां उम्र 25 वर्ष निवासीगण समथर थाना ऊसराहार इटावा 8. अजय पुत्र जलसिंह निवासी खरगुआ थाना ऊसराहार इटावा उम्र 31 वर्ष 9.सुमित पुत्र चतरपाल सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी खरगुआ थाना ऊसराहार इटावा 10.सुनील पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी रम्पुरा कौआ थाना ऊसराहार उम्र 19 वर्ष 11.समाकान्त पुत्र अमन कुमार निवासी नगरिया थाना ऊसराहार इटावा 12.महेश चन्द पुत्र नेक राम निवासी विशुनपुरा उम्र करीब 52 वर्ष थाना ऊसराहार जनपद इटावा 13.विक्रम सिंह पुत्र अवधेश उम्र 24 वर्ष 14.हुकम सिंह पुत्र राम सिंह उम्र 35 वर्ष 15.अनिल पुत्र शिवचरन सिंह निवासीगण कुयैता सरैया थाना ऊसराहार जनपद इटावा को धारा 151/107/116 छ्रक्क्ष्ट के तहत गिरफ्तार कर मा0 न्याया0 एसडीएम महोदय ताखा समक्ष भेजा गया ।पन्द्रह लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कारवाई की गई है धारा 151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया ।थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया की पन्द्रह लोगो को तहसील ताखा भेजा गया है

## सैनिक सम्मान के साथ अधिकारियों ने दरोगा दिनेश मिश्रा को श्रद्धांजलि

-पुलिस लाइन में एडीजी आगरा, डीएम, एसएसपी सहित मृतक दरोगा के परिजन रहे मौजूद



फिरोजाबाद। थाना अरांव में तैनात दिनेश कुमार मिश्रा की गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे के करीब गोली मारकर हत्या कर दी गई। पोस्टमॉर्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन लाया गया। यहां सैनिक सम्मान के साथ पुलिस अधिकारियों ने दिवंगत दरोगा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दरोगा की पत्नी और बच्चों के अलावा परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी का रो–रोकर बुरा हाल था। पुलिस लाइन में एडीजी आगरा राजीव कृष्ण, डीएम उज्जवल कुमार, एसएसपी आशीष तिवारी ने दरोगा दिनेश मिश्रा को अंतिम सलामी दी। एडीजी आगरा राजीव कृष्ण ने मृतक दरोगा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। एडीजी आगरा ने बताया कि छह टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। हालांकि अभी भी कई सवालों में पुलिस उलझी है। मृतक दरोगा के साथ मोटरसाइकिल पर बैठे पीछे व्यक्ति धीरज शक के घेरे में है। वहीं पुलिस लगभग एक दर्जन लोगों से और पूछताछ कर रही है। मृतक दिनेश कुमार मिश्रा को मात्र 6 इंच दूरी से गोली मारी गई थी। साथ ही पुलिस कई लोगों के सीडीआर निकलवा कर गहनता से जांच कर रही है। एडीजी ने बताया कि उन्होंने मृतक के परिवारीजनों से भी वार्ता की है। अभी तक इस मामले में 11 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है।

## व्यापारियों की जो भी समस्याऐं होगी उनका किया जायेगा निदान-नगर मजिस्ट्रेट

**-व्यापारियों ने नवागत नगर मजिस्ट्रेट का किया स्वागत**



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महानगर की मासिक बैठक स्टेशन रोड स्थित ओम होटल में संपन्न हुई। जिसमें व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट संगीता गौतम का स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संगीता गौतम ने कहा कि व्यापारियों की जो भी समस्याएं होगी, उनको हल कराया जाएगा। बैठक में नरेंद्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना दक्षिण, कैलाश उपाध्याय प्रांतीय उपाध्यक्ष, मदन लाल वर्मा प्रांतीय मंत्री ने अपने विचार रखें। बैठक में अनिल गुप्ता अमीना युवा नगर अध्यक्ष, आकृति सहयोगी महिला महानगर अध्यक्ष, दीक्षा अग्रवाल महिला महामंत्री, सुभाष यादव, रामाशंकर यादव दादा, नरेश पंजाबी, पंकज यादव, परसराम लालवानी, भानु उपाध्याय, दिनेश यादव, अर्जुन उपाध्याय, नवीन उपाध्याय, गौरव जैन, अतुल जैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामबाबू झा महामंत्री ने किया।

## वैगनर लड़ाके पोलैंड में घुसकर कर सकते हैं हमला

**वॉर्सा।** वैगनर लड़ाकुओं को लेकर पोलैंड और बेलारूस के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटेउस्ज मोरावकी ने रूस और बेलारूस को और ज्यादा उकसावे वाली कार्रवाई के लिए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वैगनर ग्रुप तोड़फोड़ कर सकता है। इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि अगर वैगनर के सैनिकों ने पोलैंड पर कोई भी हमला किया, तब इस नाटो पर हमला माना जाएगा। अमेरिका और पोलैंड के इन बयानों के बाद बेलारूस के साथ उनका तनाव और बढ़ता जा रहा है। वहीं बेलारूस के ऊपर रूस का हाथ है और हाल ही में उसने रणनीतिक परमाणु बम दिया है।

## परमाणु की मांग को लेकर इजराइली अधिकारी चिंतित

**रियाद।** इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन के आला अधिकारी की तरफ से सऊदी अरब को लेकर चेतावनी दी गई है। अधिकारी के अनुसार सऊदी अरब की ओर से परमाणु प्लांट की मांग को मंजूरी दिए जाना इस क्षेत्र के लिए खतरनाक साबित होगा है। सऊदी इजरायल के साथ एक सामान्य समझौते के तहत इस प्लांट के तहत मंजूरी मांगी गई है। अधिकारी के माने तब यह मंजूरी खाड़ी क्षेत्र में परमाणु रेस के लिए जिम्मेदार हो सकती है। एरियल (एली) लेविटे साल 2002 से 2007 तक इजरायल के एटॉमिक एनर्जी कमीशन के डिप्टी डायरेक्टर रहे हैं। वह इस समय सऊदी अरब की परमाणु महत्वाकांक्षा को लेकर थोड़े चिंतित है।

## दुकान लूटने आए चोर को युवक ने डंडे से पीटकर भगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में अक्सर किसी स्टोर के लुटने या फिर वहां पर फायरिंग की खबरें आती हैं। स्टोर मालिक डर के मारे कभी कुछ न तो कर पाते हैं और न ही कुछ कह पाते हैं। लेकिन अब एक नया वीडियो आया है जिसमें एक सिख युवक स्टोर लूटने आए चोर को इतना पीटता है कि उसे जान बचाकर भागना पड़ता है। चोर डकैती के इरादे से स्टोर में दाखिल होता है लेकिन उसका सामना एक सिख युवक से होता है।

## जिनपिंग ने चीन की परमाणु फोर्स में किया बड़ा बदलाव

**बीजिंग।** बगावत से डरे जिनपिंग ने चीन की परमाणु फोर्स में बड़ा बदलाव किया है। जानकारी मिली है कि चीन ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी में बड़ा बदलाव करके पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञ चीन के इस कदम पर हैरानी जता रहे हैं। खबर है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने परमाणु हथियारों वाली स्पेशल यूनिट के दो टॉप लीडर्स को पद से हटाकर नए लोगों को नियुक्त किया है। इसके कारण रॉकेट फोर्स के आंतरिक कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने अपने परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी वांग ह्युबिन को सौंप दी है।

# ट्रम्प ने कोर्ट में खुद को बताया निर्दोष

## कैपिटल हिंसा मामले में 28 अगस्त को अगली सुनवाई



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गुरुवार को 2020 का चुनाव पलटने की कोशिश के आरोप में कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया। वॉशिंगटन के कोर्ट हाउस में करीब आधा घंटा सुनवाई चली। इस दौरान कोर्ट के बाहर ट्रम्प के सपोर्ट में और उनके खिलाफ प्रदर्शन होते रहे। कोर्ट ने केस में अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है। हालांकि, भारतीय मूल के जस्टिस उपाध्याय ने कहा कि ट्रंप को अगली सुनवाई के वक्त कोर्ट में हाजिर होने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें बिना यात्रा प्रतिबंध के रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई की शर्त यह है कि वह किसी भी गवाह के साथ मामले पर चर्चा नहीं करेंगे, जब तक उनके वकील उनके साथ न हों। इसके बाद वॉशिंगटन से न्यू जर्सी जाते वक्त ट्रम्प ने मीडिया से बात की।

### पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प पर 5 महीने में तीसरा क्रिमिनल केस दर्ज

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- ये अमेरिका के लिए बेहद दुख का दिन है। मुझे राजनीतिक प्रतिद्वंदी होने की सजा मिल रही है। वॉशिंगटन की बिल्डिंग और दीवारों पर लोगों ने पेंटिंग बना रखी हैं, जिसे देखकर मुझे दुख हो रहा है। पिछले 5 महीने में ये तीसरी बार है जब ट्रम्प पर क्रिमिनल केस दर्ज हुआ है। मंगलवार को 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में हुई हिंसा के मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर क्रिमिनल केस दर्ज किया गया था। उन पर 4 आरोप लगाए गए हैं। इनमें देश को धोखा देने की कोशिश, सरकारी कामकाज में बाधा डालने की साजिश और जनता के अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने जैसे आरोप हैं।

### 45 पेज की चार्जशीट, 20 साल जेल की सजा भी मुमकिन

2020 के अमेरिकी चुनाव के परिणामों को पलटने के ट्रम्प की कोशिशों की जांच कर रहे जस्टिस डिपार्टमेंट के स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ ने 45 पेज की चार्जशीट दायर की है। ट्रम्प पर जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें से 2 चार्ज में जेल जाने का भी प्रावधान है। देश का धोखा देने की साजिश के आरोप में ट्रम्प को 20 साल की जेल और लोगों के अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने के मामले में उन्हें 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। चार्जशीट में कहा गया है कि नवंबर 2020 में चुनाव होने के 2 महीने बाद तक ट्रम्प ने ये झूठ फैलाया कि चुनाव में धांधली हुई है और असल में वो ही इसे जीते हैं। ये आरोप झूठे थे और ट्रम्प ये बात जानते थे, लेकिन वो फिर भी ऐसा करते रहे जिससे देश में गुस्से और अविश्वास का माहौल बने और लोगों का चुनाव प्रक्रिया से विश्वास उठ जाए। केस में स्मिथ ने कहा- हम मामले में जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करने की कोशिश करेंगे। 6 जनवरी को कैपिटल हिल पर हुई हिंसा देश के लोकतंत्र पर हमला है। ये हमला झूठ के आधार पर उकसाया गया था। आरोपियों के झूठ की वजह से राष्ट्रपति चुनाव और सरकार के कामकाज में बाधा आई थी। ट्रम्प के अलावा इस मामले में अब तक 1100 लोगों को आरोपी ठहराया जा चुका है। जस्टिस डिपार्टमेंट जल्द ही करीब 1 हजार लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर सकता है। 1. अमेरिका में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल यानी अमेरिकी संसद में ट्रम्प के समर्थकों ने हिंसा की थी। 3 नवंबर 2020 को राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग में बाइडेन को 306 और ट्रम्प को 232 इलेक्टोरल वोट मिले। नतीजे सामने आते ही ट्रम्प और उनके समर्थकों ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाए।

## पाकिस्तान की नेशनल असेंबली 9 अगस्त को भंग होगी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने 9 अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग करने का ऐलान कर दिया है। यह निर्णय गुरुवार रात संसद सदस्यों के सम्मान में हुए डिनर और नेताओं से मुलाकात के बाद आया। इस दौरान शाहबाज ने मीटिंग में मौजूद लोगों से देश की राजनीतिक हालात गहन चर्चा की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान प्रधानमंत्री शाहबाज ने संसद सदस्यों और नेताओं से इनपुट मांगा और केयरटेकर पीएम और केयरटेकर सेटअप की व्यवस्था पर चर्चा की। शाहबाज ने कहा है कि वे विपक्ष के साथ चर्चा करने के बाद 3 दिन में केयरटेकर प्रधानमंत्री का नाम फाइनल करके राष्ट्रपति को सौंपेंगे। 9 अगस्त को प्रधानमंत्री शाहबाज नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए राष्ट्रपति को औपचारिक सलाह भेजेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार इसे प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रपति को 48 घंटों के भीतर सलाह पर हस्ताक्षर करना होगा। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यदि किसी भी कारण से राष्ट्रपति सलाह पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो विधानसभा अपने आप ही भंग हो जाएगी। इतना हीं नहीं, अगर राष्ट्रपति इस नाम पर सहमत नहीं होते हैं, तो पाकिस्तान चुनाव आयोग प्रस्तावित नामों में से केयरटेकर प्रधानमंत्री के लिए एक उम्मीदवार को चुनेगी। डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान में आगामी चुनाव 2023 की डिजिटल जनगणना के आधार पर होंगे। पाकिस्तान की मौजूदा असेंबली का कार्यकाल 12 अगस्त को खत्म होगा। अगर यह अपना निर्धारित समय पूरा कर लेती है तो 60 दिनों के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। यदि असेंबली कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो जाती है तो चुनाव 90 दिनों के भीतर होने चाहिए।

## सुनक के घर को प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े से ढंका




**ब्रिटेन।** यॉर्कशायर शहर में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के घर को 200 मीटर के एक काले कपड़े से ढंक दिया। इस दौरान वो सुनक के घर की छत पर चढ़ गए। ग्रीन पीस संस्था से जुड़े ये लोग सरकार की पर्यावरण विरोधी नीतियों का विरोध कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान पुलिस वहां मौजूद रही। इस प्रदर्शन की जानकारी खुद ग्रीन पीस संस्था ने ट्विटर पर वीडियो शेयर कर दी है। इसमें वो ब्रिटिश पीएम के घर की छत पर चढ़ कर उसे कपड़े से ढंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री सुनक अपने घर पर नहीं थे। वो छुट्टियां मनाने के लिए अपने परिवार के साथ कैलिफोर्निया गए हैं। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के मुताबिक पिछले 4 साल में ये उनका पहला फैमिली हॉलिडे है। ग्रीन पीस के मुताबिक पीएम के घर को काले कपड़े से ढककर उन्होंने सुनक से एक सवाल पूछा है। वो जानना चाह रहे हैं कि क्लाइमेट चेंज के खिलाफ लड़ाई में वो किसकी तरफ हैं। बड़ी

## ईरान से जहाज बचाने उनमें हथियारबंद सैनिक तैनात करेगा अमेरिका- अधिकारी ने कहा- गल्फ में वो अटैक करेंगे तो हम भी जवाब देने को तैयार

**वॉशिंगटन/ तेहरान।** गल्फ में ईरान और अमेरिका के बीच हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका अब होर्मुज के दर्रे से गुजरने वाले कमर्शियल जहाजों में नौसेना के हथियारबंद सैनिक तैनात करेगा। ये वो इलाका है जहां से दुनिया में सप्लाई किए जाने वाले कुल तेल का 20प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि वो सैनिक तैनात करने से जुड़े एग्रीमेंट को जल्द ही लागू कर देंगे। वहीं, जब अधिकारी से पूछा गया कि इस तैनाती से ईरान की फोर्सेज के साथ तनाव तो नहीं बढ़ जाएगा। इसके जवाब में



अधिकारी ने कहा- ये तो उन (ईरान) पर निर्भर करता है। अगर ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करेगा तो किसी तरह का तनाव पैदा नहीं होगा। वहीं, अगर उनकी तरफ से अटैक हुआ तो हम भी जवाब देने को तैयार हैं। ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने पिछले महीने गल्फ में लड़ाकू विमान भी तैनात किए थे। एक अधिकारी ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर कहा था कि अमेरिका का-10 अटैक एयरक्राफ्ट पहले से ही इलाके की निगरानी कर रहा है। अब एफ-16 लड़ाकू विमान भी तैनात किए गए हैं। अमेरिका ने गल्फ में इस एक्शन की वजह ईरान से जहाजों को बचाना बताया था। अमेरिका ने इस इलाके में 3000 सैनिक तैनात करने की भी बात कही थी। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा था- होर्मुज पास दुनिया के लिए काफी अहम समुद्री रास्ता है। हमने देखा है कि ईरान कैसे इसे प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच ओमान की खाड़ी में 2019 से जहाजों को जब्त करने को लेकर विवाद चल रहा है। दरअसल, 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से न्यूक्लियर डील खत्म कर ली थी। इसके बाद दोनों देश अलग-अलग जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े नजर आते हैं। गल्फ में होर्मुज पास भी उनमें से एक है।अब अधिकारियों का कहना है कि स्र-16 गल्फ में जहाजों को एयर कवर देगा। इस फैसले से गल्फ में ईरान को चुनौती देने के लिए अमेरिकी सेना की मौजूदगी भी बढ़ेगी। दरअसल, अमेरिका ने पिछले महीने ईरान पर ओमान की खाड़ी में एक कॉमर्शियल जहाज पर कब्जा करने के आरोप लगाए थे।

## प्रोबायोटिक डाइट याददाश्त को कमजोर होने से बचाएगी- इम्यून सिस्टम मजबूत करेगी, डिमेंशिया का असर कम होगा

**ब्रिटेन।** प्रोबायोटिक्स उम्र बढ़ने से साथ याददाश्त और सोचने की क्षमता को कमजोर होने से रोक सकते हैं। नई रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है। रिसर्च में ये भी कहा गया है कि प्रोबायोटिक डाइट लेने से अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसे बीमारियों के असर को कम किया जा सकता है। अच्छे बैक्टीरिया को प्रोबायोटिक्स कहते हैं। बैक्टीरिया या वायरस सुनते ही लगता है कि बीमारी की बात हो रही है लेकिन हर बैक्टीरिया हमें नुकसान नहीं पहुंचाता। कुछ बैक्टीरिया हमारे दोस्त होते हैं तो कुछ



हमें नुकसान पहुंचाते हैं। दोनों तरह के बैक्टीरिया हमारे रेस्पिरेट्री (श्वास नली) और डाइजेस्टिव सिस्टम (पेट/गट) में 'चेक एंड बैलेंस' का काम करते हैं। अगर आपने किसी बीमारी की वजह से एंटीबायोटिक गोलियां ज्यादा खाई हैं तो इसके नुकसान को कम करने के लिए प्रोबायोटिक्स काम आते हैं। इन प्रोबायोटिक्स को फूड और न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स के जरिए लिया जा सकता है। रिसर्चर्स ने नतीजों पर पहुंचने के लिए 52-75 साल के 169 पार्टिसिपेंट्स को तीन महीने प्रोबायोटिक लैक्टोबैसिलस रमनोसस जीजी ट्रीटमेंट दिया। इससे पार्टिसिपेंट्स में कॉग्नेटिव इम्पेयरमेंट के लक्षण कम नजर आए। कॉग्नेटिव इम्पेयरमेंट में लोग चीजें याद नहीं रख पाते, उनकी एकाग्रता कम होती है। रिसर्च में पाया गया कि कॉग्नेटिव इम्पेयरमेंट के लक्षण कम होने का असर माइक्रोबायोम यानी पेट के बैक्टीरिया पर भी हुआ है। गट माइक्रोबायोम का काम हमारे शरीर में ब्लड शुगर को कंट्रोल करना, विटामिन और दूसरे हॉर्मोन को प्रोड्यूस करना, कोलेस्ट्रॉल को बैलेंस करना, कैलोरी को कंट्रोल करना होता है। इसके अलावा इनका काम बीमार करने वाले बाहरी सूक्ष्मजीवों से लड़ने और हमारे नर्वस सिस्टम और ब्रेन के साथ कम्युनिकेट करना भी होता है।

## सूंघने की क्षमता का दिमाग पर असर- रात को खुशबू में सोना दिमाग की एक्सरसाइज

**वॉशिंगटन।** नींद के दौरान कुछ सुगंधों के संपर्क में आने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता में नाटकीय रूप से बढ़त होती है। यह दावा अमेरिका की कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने रिसर्च के आधार पर किया है। शोधकर्ताओं ने इसके पुख्ता सबूत पेश किए हैं कि सुगंधित हवा सोचने, समझने और याददश्त से जुड़े मस्तिष्क के न्यूरोलॉजिकल क्षेत्रों को प्रभावित करती है। इससे बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। शोधकर्ताओं ने यह रिसर्च 60 से 85 साल के 43 महिला और पुरुषों पर किया। रिसर्च में पता चला कि हर रात सोने से पहले कमरे में तरह-तरह के इत्र को छिड़कने से सोचने, समझने की कमजोरी और डिमेंशिया जैसी बीमारियों की गति को धीमा किया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ बौद्धिक क्षमता को स्वस्थ रखने के लिए मस्तिष्क के ग्रे मैटर को सक्रिय रखना महत्वपूर्ण है। इसका मतलब रोज सिर्फ क्रॉसवर्ड हल करना नहीं है। बल्कि, दिमाग को उलझाने के लिए अपने आसपास हर तरह के दृश्यों और ध्वनियों से भरना भी है। यह मानना कोई बड़ी बात नहीं कि तरह-तरह की सुगंधों को अनुभव करने से मनुष्य को लाभ हो सकता है। शारीरिक तौर पर हमारी सोचने, समझने और याद करने की क्षमता कम होने से पहले हमारी सूंघने की क्षमता कम हो जाती है। सूंघने की क्षमता को खोना मस्तिष्क कोशिकाओं की हानि से भी जुड़ा है। न्यूरोबायोलॉजिस्ट माइकल यासा कहते हैं- गंध से जुड़ी इंद्रियों का दिमाग के मेमोरी सर्किट से सीधे जुड़े होने का विशेष महत्व है। हमारी नजर कम हो जाए तो हम चश्मा लगा लेते हैं। सुनना कम हो जाए तो सुनने की मशीन लगा लेते हैं।

## देवरिया में स्कूल जा रही 10वीं की छात्रा से गैंगरेप- पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** देवरिया में स्कूल जा रही छात्रा के साथ 3 युवकों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। तीनों आरोपी किशोरी के गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मामले में किशोरी की मां ने तहरीर दी है। मामले में स्नद्धक्र दर्ज करते हुए पुलिस ने छात्रा को मेडिकल के लिए भेजा है। वहीं छापेमारी करते हुए गांव के तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूरा मामला



तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 10 वीं की छात्रा के साथ गैंगरेप किया गया है। छात्रा के साथ इस कुकृत्य को तब अंजाम दिया गया, जब वह रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में रोज की तरह पढ़ने जा रही थी। किशोरी की मां के अनुसार बेटी गुरुवार की सुबह करीब 7-30 बजे स्कूल के लिए निकली थी। तभी गांव से 200 मीटर दूर पुलिया के पास 3 युवकों ने उसे पकड़ लिया। ये तीनों उसे खींचकर गन्ने के खेत में ले गए। यहां तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ गलत काम किया। आरोप है कि दूसरे समुदाय के तीनों युवकों ने इस पूरी वारदात का अश्लील वीडियो बना लिया।

## मिर्जापुर की बाणसागर नहर में डूबे बच्चे का शव मिला- पैर धोते समय बहे थे दो भाई, महिला ने एक बच्चे की बचा ली थी जान

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के हलिया थाना क्षेत्र के गजरिया गांव में गुरुवार को नहर की तेज धारा में बहे 5 साल के आदर्श का शव बरामद किया गया। घटना स्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर सिलहटा नदी में आज करीब 11 बजे शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। हादसे के दौरान दिव्यांश (10) को गांव की महिला ममता ने बचा लिया था, जबकि आदर्श पानी



में समाहित हो गया था। सुशीला देवी पति के साथ धान रोपाई करने गई थी। दोनों बच्चें भी साथ गए थे। अकेले लौटते समय दोनों लौटते समय नहर में पैर धोने चले गए। दोनों का पैर सीढ़ी से फिसल गया, जिससे दोनों नहर की तेज धारा में बहने लगे। धान की रोपाई कर घर लौट रही महिला ममता ने बालकों को चीख-पुकार सुनकर नहर में कूद गई। एक बालक को बचा लिया, जबकि दूसरा पानी में समा गया। नहर में पानी का तेज बहाव होने से दोनों बालकों का पैर फिसल गया था। धान की रोपाई कर लौट रही ममता मौर्या पत्नी ऊदल मौर्य ने बच्चों की चीख-पुकार नहर में कूद गई। आज लापता बालक का शव मिला। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने घटना के संबंध में परिजनों से जानकारी ली। क्षेत्रीय वन अधिकारी भास्कर प्रसाद पांडेय ने बताया कि सिंचाई विभाग ने नहर खोदने के दौरान एग्रीमेंट था कि पिलर लगाकर तार फैंसिंग की जाएगी। लेकिन आज तक बाण सागर नहर पर सिंचाई विभाग द्वारा तार फैंसिंग का कार्य नहीं करवाया गया है।

## पुरुषों को फंसा देती हैं महिलाएं- हाईकोर्ट की टिप्पणी, कहा- अब कोर्ट में झूठे केस ज्यादा आ रहे, पुलिस जमीनी हकीकत पर नजर रखें



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। वह पुरुषों को आसानी से फंसाने में कामयाब हो जाती हैं। कोर्ट में बड़ी संख्या में इस तरह के मामले में आ रहे हैं, जिनमें लड़कियां या महिलाएं आरोपी के साथ लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद झूठे आरोपों में फंसा देती हैं। इसके बाद FIR दर्ज करा देती हैं। इसके बाद अनुचित लाभ उठाती हैं। कोर्ट ने कहा ऐसे मामलों में न्यायिक अधिकारियों को सतर्क रहना चाहिए। वह जमीनी हकीकत पर नजर रखें। इसके बाद सही फैसला लें। यह टिप्पणी जस्टिस सिद्धार्थ ने वाराणसी के ओम नारायण पांडेय की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि समय आ गया है कि कोर्ट ऐसे जमानत आवदेनों पर विचार करते समय बहुत सतर्क रहें। कानून पुरुषों के प्रति बहुत पक्षपाती है। प्राथमिकी में कोई भी बेबुनियाद आरोप लगाना और किसी को भी ऐसे आरोपों में फंसाना बहुत आसान है।

### लड़की के परिजनों के सम्मान में दर्ज हो रही झूठी एफआईआर

कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया, फिल्मों, टीवी शो आदि के माध्यम से खुलेपन की फैशन या चलन फैल रहा है। इसका अनुकरण लडके और लड़कियां कर रहे हैं। भारतीय सामाजिक और पारंपरिक मानदंडों के विपरीत और लडकी के परिवार के सम्मान और लड़की के सम्मान की रक्षा के नाम पर दुर्भावना पूर्ण रूप से झूठी एफआईआर दर्ज की जा रही है। कोर्ट ने कहा कुछ समय या लंबे समय तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद लड़के और लड़की के बीच किसी मुद्दे पर विवाद हो जाता है। पार्टनर का स्वभाव समय के साथ दूसरे पार्टनर के सामने उजागर होता है। जब उन्हें एहसास होता है कि उनका रिश्ता जीवन भर नहीं चल सकता, तो परेशानी शुरू हो जाती है। किशोरों में जागरूकता का स्तर बढ़ाने में सोशल मीडिया, फिल्में आदि का असर और नुकसान अपेक्षाकृत कम उम्र में मासूमियत स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। निर्दोषिता की पारंपरिक धारणा ने मासूमियत के असामयिक नुकसान को जन्म दिया है। अप्रत्याशित विचलित करने वाला व्यवहार सामने आया है।

## बीच सड़क आई लव यू बोलने पर लड़कियों ने पीटा- जितनी बार चप्पल मारतीं, उतनी बार कहता-तेरी कसम, मैं तेरे बिना मर जाऊंगा

**आगरा।** आगरा में शुक्रवार सुबह एक युवक ने बीच सड़क दो लड़कियों को आई लव यू बोल दिया। इसके बाद दोनों लड़कियों ने बीच सड़क लड़के की पिटाई शुरू कर दी। इसका 1.53 मिनट का वीडियो सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि बीच सड़क दो लड़कियां एक लड़के को चप्पल और थप्पड़ से पीट रही है। युवक बार-बार कह रहा है कि मैं तेरे बिना मर जाऊंगा। तेरे कसम। युवक की ये बातें सुनकर लड़कियां लड़के को सड़क पर गिरा देती है। इसके बाद कहती हैं अब तू मर, और बोल आई लव यू। फिर एक के बाद एक



थप्पड़ और चप्पल मुंह पर मार रही है। साथ ही एक लड़की हाथ में मोबाइल लेकर लड़के का वीडियो भी बना रही होती है। आस-पास लोगों की भीड़ उमड़ी है। लोग कार रोककर लड़कियों के लड़के के पिटाई को मोबाइल में कैद कर रहे है। घटना थाना कमला नगर क्षेत्र का है। लड़की के लड़के का बाल और कॉलर पकड़कर जमीन पर गिरा दी। इसके बाद भी कहता मैं तेरे बिना मर जाऊंगा।

### 30 मिनट तक चला सड़क पर ड्रामा

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कमला नगर शांति स्वीट के पास वाली रोड पर दो लड़कियां जा रही थी। तभी पास की बस्ती का रहने वाला लड़का पीछे-पीछे उनके जा रहा था। तभी पास जाकर लड़के ने लड़कियों से कुछ कहा। इसके बाद लड़कियां गुस्सा हो गई।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।